चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 281, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 11 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आह्लादित है मन, धन्य हो गया जीवन: सीएम योगी

## ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का औपचारिक निमंत्रण दिया

**लखनऊ**

धर्मनगरी अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित होंगे। शुक्रवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का औपचारिक निमंत्रण दिया। सीएम आवास पर हुई इस भेंट के बाद मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'आज जीवन धन्य हो गया है। मन आह्लादित है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सम्मानित पदाधिकारी स्वामी गोविन्ददेव गिरि जी महाराज, श्री चम्पत राय जी एवं श्री राजेंद्र पंकज जी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के नूतन बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु मुझे आमंत्रित किया है। आभार! जय जय सीताराम।

बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ से श्री गोरक्षपीठ सतत जुड़ा रहा है। ब्रितानी परतंत्रता काल में श्रीराममंदिर के मुद्दे को स्वर देने का कार्य मुख्यमंत्री योगी के दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने किया था। उनके ब्रह्मलीन होने के उपरांत अपने गुरुदेव के संकल्प को महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने अपना बना लिया, जिसके बाद श्री राम मंदिर निर्माण आंदोलन के निर्णायक संघर्ष का सूत्रपात हुआ। 1984 में जब अयोध्या के वाल्मीकि भवन में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ था तो सर्वसम्मति से तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी महाराज को अध्यक्ष चुना गया।



## श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से बढ़े रोजी रोजगार के अवसर

**अयोध्या** में जैसे-जैसे राम मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच रहा है वैसे-वैसे यहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी रोजगार में भी तेजी से वृद्धि भी होने लगी है। लोगों का मानना है कि जनवरी माह में राम मंदिर में जब राम लला विराजमान होंगे तो यहां देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। इसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है।

## सनातन धर्म की रक्षा का एकमात्र उपाय है 'योगी मॉडल': श्रीधराचार्य

**अयोध्या**

प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो या अवधपुरी का सर्वांगीण विकास, इस पुनीत कार्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ पूर्ण निष्ठा के साथ लगे हुए हैं। राम काज कीन्हे बिना मोहि कहां विश्राम के भाव से अयोध्या के कायाकल्प में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मठता आज संत समाज में भी चर्चा का विषय है। अयोध्या के संतजन भी मुख्यमंत्री के कार्यों और त्रेतायुगीन इस नगरी के विकास और महान गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा होने से गदगद हैं।



अयोध्या के ऐतिहासिक अशर्फी भवन के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्रीधराचार्य महाराज के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर्मठता के साथ वेद, सनातन धर्म, गौमाता व भारतीय संस्कृति के प्रति उदार भाव रखते हैं, उनकी निष्ठा के कारण ही श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी गति से पूरा हो रहा है।

**कभी फैली रहती थी अराजकता, आज बुलडोजर देता है जवाब**

उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है जहां कभी अराजकता फैली रहती थी। यूपी को एक विकृत प्रदेश के रूप मे जाना जाता था। आज उसी उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री अपने नेतृत्व क्षमता से अराजकतावादियों और आतताइयो को बुल्डोजर से जवाब दे रहा है। स्वामी श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे इस अयोध्या में अप्रतिम विकास कार्य हो रहा है। ऐसी अद्भुत अयोध्या का नवनिर्माण हो रहा है, जिससे आने वाले एक हजार वर्षो तक इस पावन नगरी का वैभव अक्षुण्ण रहेगा।

## दीपोत्सव ने बढ़ाई अयोध्या की भव्यता, बढ़ने लगी पर्यटकों की आमद



**अयोध्या**

योगी सरकार इस साल अयोध्या में सरयू तट पर सातवां दीपोत्सव मनाने जा रही है। यहां भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण तो चल ही रहा है, मगर उससे पहले पिछले सात साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव के कारण अयोध्या की भव्यता में चार चांद लग चुका है। दीपोत्सव ने देश-विदेश में अयोध्या को लेकर कौतुहल बढ़ा दिया है। यही कारण है कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं हीं विदेशी सैलानियों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में गहरी हो चुकी है।

**साल दर साल बढ़ रही पर्यटकों की संख्या**

अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है इस बीच यहां 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इस प्रकार वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के दूसरे वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,95,63,159 पाठकों ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया।

## बदले गए कुमार विश्वास की सुरक्षा में लगे सीआरपीएफ कमांडो

**नई दिल्ली**

देश के जाने-माने कवि कुमार विश्वास की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ कमांडो ड्यूटी से हटा दिया गया है। उनकी जगह पर कमांडो के एक अन्य बैच को ड्यूटी पर तैनात किया है। गाजियाबाद में हाल ही में हुई रोडरेज की घटना के बाद विभाग की ओर से ये कार्रवाई की गई है। सशस्त्र कर्मियों पर डॉक्टर ने मारपीट के आरोप लगाए हैं।

**कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश**

रोडरेज के मामले में सीआरपीएफ महानिदेशक एस एल थाओसेन द्वारा घटना की समीक्षा के बाद कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। जिसमें बताया गया है कि घटना को लेकर प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि कमांडो द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। साथ ही यह भी बताया गया है कि घटना के सभी तथ्यों की जांच होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।

**सीआरपीएफ ने तैयार की प्रारंभिक रिपोर्ट**

सीआरपीएफ ने घटना को लेकर कुछ मोबाइल वीडियो और पीड़ित के शुरूआती बयानों के आधार पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है। जिसमें यह साफ किया गया है कि मामले में जो भी कार्रवाई होगी वो केंद्रीय गृह मंत्रालय और कवि विश्वास के साथ भी साझा की जाएगी।

## खस्ताहाल पाक: देश में लेमिनेशन पेपर की भारी कमी

**इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** की आर्थिक स्थिति जग जाहिर है। आए दिन कोई न कोई मामला सामने आता रहे है। पाकिस्तान में लेमिनेशन पेपर की भारी कमी है। जिसका इस्तेमाल पाकिस्तानी पासपोर्ट में किया जाता है। यह पेपर आमतौर पर फ्रांस से आयात किया जाता है। आयातित लेमिनेशन पेपर की कमी के कारण पाकिस्तान में पासपोर्ट की छपाई लंबित है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि जिसके कारण पासपोर्ट की छपाई में कमी आ गई है। कई लोगों को इसके कारण दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है।

## बीएसएफ जवान लाल फैम किमा हुए पाक स्नाइपर की गोली से शहीद

**नई दिल्ली**

गुरुवार को जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी स्नाइपर की अकारण गोलीबारी में मारे गए बीएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल लाल फैम किमा एक "निडर" सैनिक थे और एक बार जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने एक दर्जन सहयोगियों की जान बचाई थी।



**"तुम साला पिन निकालेगा"**, 1998 की सर्दियों में एक ऑपरेशन के दौरान गूल गांव में एक 'ढोके' (मिट्टी के घर) के अंदर छिपे एक आतंकवादी को मारने के लिए अपनी लाइट मशीन गन (एलएमजी) खाली करने से पहले किमा चिल्लाया था। यह गांव भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ पीर पंजाल रेंज की ऊपरी पहुंच में स्थित है।

**किमा को लगी पाकिस्तानी स्नाइपर की गोली**

उस ऑपरेशन को याद करते हुए, किमा के तत्कालीन कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) ने एक भावनात्मक पोस्ट लिखी थी जिसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अधिकारियों के साथ साझा किया गया था। किमा (50) गुरुवार को ड्यूटी के दौरान भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू के रामगढ़ सेक्टर में सीमा पार से पाकिस्तानी स्नाइपर की गोली लगने से शहीद हो गए। आइजोल के निवासी, हेड कॉन्स्टेबल 1996 में सीमा बल में शामिल हुए थे और वर्तमान में 148वीं बीएसएफ बटालियन में तैनात थे, जिसे आईबी की सुरक्षा सौंपी गई है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री का बयान: भारत को जल्द मिलेगा एमक्यू-9बी ड्रोन

**नई दिल्ली**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत, अमेरिका के बीच रणनीतिक मुद्दों पर सहमति बढ़ रही है। टू प्लस टू डायलॉग के पांचवें संस्करण के दौरान भारत के साथ बातचीत के बाद ऑस्टिन ने कहा, भारत को ड्रोन क्षमता जल्द से जल्द मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।





**भारत को जल्द मिलेगा एमक्यू-9बी ड्रोन**

ऑस्टिन ने कहा, हमने बैठक के दौरान सुरक्षा चुनौतियों और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे पर चर्चा की, लेकिन हमारी पूरी बातचीत केवल इसी मुद्दे पर केंद्रित नहीं रही। एमक्यू-9बी ड्रोन के संदर्भ में अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे आज कोई नई घोषणा नहीं करनी है। हम सही समय पर इसकी घोषणा करेंगे। हम सब कुछ कर रहे हैं ताकि भारत को यह क्षमता मिले। हम एक बख्तरबंद वाहन का सह-उत्पादन करने जा रहे हैं।

**दोनों देशों के बड़े अधिकारियों का संवाद**

गौरतलब है कि शुक्रवार को भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, दोनों देशों के बीच साझेदारी "स्वतंत्र, खुले और नियमों से बंधे भारत-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण" है। बता दें कि भारत की तरफ से राजनाथ के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

## पंजाब में जो हो रहा है, वह बेहद चिंताजनक: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में सरकार और राज्यपाल के बीच जारी डेडलॉक की स्थिति पर चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले पर अपनी टिप्पणी में कहा कि पंजाब में जो हो रहा है, वह बेहद चिंताजनक है और वह इससे बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। बता दें कि पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि राज्यपाल विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

**कोर्ट ने राज्यपाल से कहा- आप आग से खेल रहे हैं**

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा हमारा देश तय परंपराओं पर चलता है और उनका पालन किया जाना जरूरी है। राज्यपाल की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा विधेयकों को मंजूरी नहीं देकर आप आग से खेल रहे हैं और विधानसभा सत्र बुलाने को असंवैधानिक करार दिया। लोकतंत्र के तहत मुख्यमंत्री और राज्यपाल को मिलकर काम करना चाहिए।

पीठ ने कहा अगर राज्यपाल को लगता है कि कोई विधेयक गलत तरीके से पास हुआ है तो उन्हें विधेयक को विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। पीठ ने राज्यपाल के वकील से पूछा अगर विधानसभा का कोई सत्र अवैध घोषित हो भी जाता है तो सदन द्वारा पास किया गया विधेयक कैसे गैरकानूनी हो सकता है?

## मनीष सिसोदिया को धनतेरस पर मिली बड़ी खुशखबरी, दिवाली से पहले जा सकेंगे घर

**नई दिल्ली**

दिल्ली की अदालत ने तिहाड़ में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 11 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मिलने की अनुमति दी है। बता दें, सिसोदिया को इससे पहले भी अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत दी गई थी।



हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। वहीं हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने भी उनकी जमानत याचिका रद्द की थी। शराब घोटाला मामले में ईडी ने 9 मार्च को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उन्हें 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट ने सिसोदिया को इसी साल 3 जून को बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी।

## हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल की 24.95 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कांत मुंजाल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उनकी 24.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा, दिल्ली स्थित मुंजाल की तीन अचल संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। इसमें कहा गया है कि मुंजाल हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के सीएमडी और चेयरमैन हैं और उनकी संपत्ति करीब 24.95 करोड़ रुपये है। ईडी ने अगस्त में मुंजाल और उनकी कंपनियों के खिलाफ पीएमएलए मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की थी, जो राजस्व खुफिया निदेशालय के आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद दायर किया गया था।

## क्या अदालत में टिक पाएगा बिहार आरक्षण विधेयक?

**नई दिल्ली**

**बिहार** में जातिगत आरक्षण बढ़ाने वाला विधेयक शुक्रवार को विधान परिषद से भी पारित हो गया। इससे पहले गुरुवार को इसे विधानसभा से पारित कराया गया था। इससे राज्य में जातिगत आरक्षण की सीमा को 50% से बढ़कर 65% हो जाएगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के इस कदम से राज्य में कुल आरक्षण 60% से बढ़कर 75 हो जाएगा। इसमें आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए 10 फीसदी आरक्षण पहले से ही लागू है। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि क्या इस आरक्षण विधेयक से सुप्रीम कोर्ट की 50% वाली सीमा का क्या होगा? आखिर क्या है सुप्रीम कोर्ट का निर्णय जिससे 50% जातिगत आरक्षण की सीमा तय की गई थी? अभी बिहार में आरक्षण को लेकर क्या हो रहा है? क्या बिहार आरक्षण विधेयक को कानूनी चुनौती मिलेगी?



बिहार में 50% से ज्यादा जातिगत आरक्षण देने वाले विधेयक से सुप्रीम कोर्ट के 1992 के फैसले की चर्चा होने लगी है। दरअसल, सर्वोच्च अदालत ने 1992 के इंदिरा साहिनी फैसले में शिक्षा और रोजगार में मिलने वाले जातिगत आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा तय की थी। हालांकि, जुलाई 2010 के एक अन्य फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों को फीसदी की सीमा से अधिक आरक्षण देने की सशर्त अनुमति दे दी। ऐसे मामलों में अदालत ने शर्त यह रखी कि राज्य चाहें तो 50 फीसदी से अधिक जतिगत आरक्षण बढ़ा सकते हैं जिसे उचित ठहराने लिए उन्हें वैज्ञानिक आंकड़े प्रस्तुत करने होंगे।

**अभी किन राज्यों में लागू है 50% से ज्यादा जातिगत आरक्षण?**

कई राज्य ऐसे हैं जहां 1992 के फैसले से पहले ही 50 फीसदी से अधिक जातिगत आरक्षण लागू है। इनमें तमिलनाडु है जहां एक कार्यकारी आदेश के जरिए 1989 में 69% आरक्षण लागू कर दिया गया था। वहीं कुछ राज्यों में हाल के वर्षों में इस सीमा को बढ़ाया गया है जिन्हे अदालती चुनौती का सामना करना पड़ा है।

हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे कई राज्यों ने 50% आरक्षण की सीमा से अधिक वाले कानून पारित किए हैं और वे निर्णय भी न्यायालयों में चुनौती के अधीन हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार ने 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 10% आरक्षण देने के लिए 103वां संविधान संशोधन किया। इसके तहत अनुच्छेद 15 में एक नए खंड को शामिल किया गया। जब केंद्र के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती मिली, तो उसने दलील दी कि अनुच्छेद 15 में नया खंड जोड़ने से 50% की अधिकतम सीमा लागू करने का सवाल कभी नहीं उठ सकता है जो राज्य को ईडब्ल्यूएस की बेहतरी और विकास के लिए विशेष प्रावधान बनाने का अधिकार देता है।

**अभी बिहार में आरक्षण को लेकर क्या हो रहा है?**

बिहार विधान मंडल के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार को आखिरी दिन था। हंगामे के बीच चौथे दिन यानी गुरुवार को विधानसभा आरक्षण संरक्षण विधेयक 2023 पास हो गया। राज्य की विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी अपना समर्थन दिया। इससे पहले गुरुवार को आरक्षण संशोधन बिल विधानसभा में पास हुआ था।

संशोधन विधेयक 2023 का उद्देश्य आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत (65 प्रतिशत + 10 प्रतिशत एहर) करने का प्रस्ताव है। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मूल रूप से आरक्षण को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का ही प्रस्ताव है। एहर के रूप 10 प्रतिशत आरक्षण केंद्र सरकार ने पहले ही दूसरे अधिनियम से कवर है।

# धनतेरस को ही धैर्य लोक कहते हैं : क्रियायोग गुरु

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** झूंसी स्थित क्रियायोग अनुसंधान संस्थान में क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम् जी ने शुक्रवार को क्रियायोग आश्रम में आए साधकों को धनतेरस की पूर्व संध्या पर बताया कि धनतेरस को ही धैर्य लोग कहते हैं , तथा यह भी बताया कि हम लोग निधन शब्द से परिचित है , निधन का अभिप्राय है अंदर का धन जिसे जीवन तत्व करते हैं । जब वह अदृश्य हो जाती है तो उसकी क्रियाशीलता शून्य हो जाती है तो आम भाषा में कहते है निधन हो गया जो, जो अंतःकरण का धन है यह 14 भुवन कहते हैं 13 वे भुवन को अनंत धैर्य लोक कहते हैं जब हम अनंत धैर्य लोग की शक्ति को पाए जाते हैं तो यह समझना चाहिए हम धनतेरस अवस्था को प्राप्त हो गए हैं । धनतेरस अवस्था के बाद एक अच्छी व्यवस्था आती है जिसमें हम अपने अंतःकरण को उस धन से मिल जाते हैं । जिसे मिलने के बाद अनुभव होता है कि हमारे परमात्मा के बीच दूरी शून्य है , इस अनुभूति में जब हम आ जाते हैं तो पता चलता है कि हम 14 वे भुवन में आ गए हैं । जिसे सत्य लोक कहते हैं , धनतेरस को धैर्य लोग कहते हैं । भारतीय संस्कृत में अंतर अ अंतः धैर्य में प्रवेश कर इसी से इच्छादित धोकर हो करके समस्त कार्यों के संपादन के लिए प्रयत्न करना पड़ता है । जब स्पष्ट हो जाता है कि धनतेरस किसे कहते हैं तो अपने अंदर अनंत धैर्य प्रकट हो जाता है तो हमें धन के 13 वे विशाल स्वरूप की अनुभूति हो जाती है इसी को धैर्य लोक कहते हैं तथा इसी को धनतेरस भी कहते हैं।

## पटाखा लाइसेंस न मिलने से व्यवसायी में मायूसी

**मांडा।** प्रशासन बिना लाइसेंस पटाखे बेचने पर कार्यवाही की लगातार चेतावनी दे रहा है, लेकिन अभी तक मांडा क्षेत्र के किसी भी गांव या भारतगंज कस्बे के किसी भी पटाखा व्यवसायी को अस्थायी लाइसेंस नहीं मिल पाया है। पहले दीपावली पर अस्थायी पटाखा लाइसेंस एसडीएम कार्यालय बनाता था, लेकिन कमिश्नरेट व्यवस्था होने के बाद अब पटाखों के लिए एसीपी मेजा के कार्यालय से लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की गयी है। लाइसेंस के लिए स्थानीय थाना व फायर ब्रिगेड कार्यालय मेजा की रिपोर्ट आवश्यक होती है। मांडा क्षेत्र के भारतगंज, मांडा खास, चिलबिला दिघिया आदि बाजारों में अस्थायी लाइसेंस के लिए कुल 11 दुकानदारों ने प्रार्थना पत्र दिया है। शुक्रवार को भारतगंज कस्बे व मांडा खास के आधा दर्जन पटाखा व्यवसायी मांडा थाने में अपने लाइसेंस के लिए रिपोर्ट लगवाने के लिए डेरा जमाये रहे। थाने से रिपोर्ट लगने के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारी स्थलीय निरीक्षण और बाजारों के भीड़ भाड़ से दूर खुले मैदान में पूरी तैयारी के साथ पटाखे बेचने का शपथपत्र लेकर जब अपनी आख्या एसीपी कार्यालय मेजा को देंगे, तब उनको अस्थायी लाइसेंस मिल पाएगा। शुक्रवार को एक भी लाइसेंस न बन पाने से पटाखा व्यवसाइयों में काफी मायूसी एवं निराशा व्याप्त है। बिना लाइसेंस पटाखा विक्रय पर कार्यवाही और लाइसेंस अभी तक न मिल पाने से मांडा के बाजारों में अभी पटाखे की दुकानें नहीं सजा पायी हैं।

# दीपों से सजा विद्यालय प्रांगण, बच्चों ने बनाई आकर्षक रंगोली

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल शंकरगढ़ में धनतेरस के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में आकर्षक रंगोली बनाकर पूरे विद्यालय को दीपों से सजा दिया । जिसकी सराहना की गई। बच्चों को प्रमाणपत्र का वितरण भी किया गया।

बता दें कि पांच दिनी प्रकाश पर्व दीपावली, धनतेरस के दिन से प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में कई प्रकार की आकर्षक रंगोली बनाई तथा पूरे विद्यालय में दीप जलाकर विद्यालय को जगमग कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने बच्चों को अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाले इस उत्सव के महत्व के बारे में बताया । तथा उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस बीच बच्चों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निकेता पांडे ,रवि सिंह ,राहुल राव, सुशांत वर्मा, अर्चना, साक्षी पांडे, अंजली मिश्रा, प्रफुल्ल द्विवेदी, ज्योति, शिवानी केसरवानी ,रितु सिंह, जाह्नवी पांडे ,सुमन सिंह, चंद्रमा तिवारी ,अनुराग सहित सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र-छात्र मौजूद रहे।

# बी एल एकेदमी डे बोर्डिग स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया

## विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चो में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी मुखिया नगर अरैल स्थित बी एल एकेदमी डे बोर्डिग स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया।जहा बच्चो द्वारा लगाया स्टॉल मनोरंजन का केंद्र रहा वही छोटे छोटे बच्चों का विभिन्न पोशाकों में धारण किया गया रूप मनोरंजन का केंद्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें 100 मीटर रेस, लेमन रेस, बॉल रेस, जलेबी दौड़, फैंसी ड्रेस आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में अभिभावकों के साथ साथ बच्चो ने भी खूब मनोरंजन किया। बाल मेले का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र मिश्र ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना की और बच्चो के कार्यक्रम की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चो में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है। प्रिंसिपल शालिनी त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं। सीमा त्रिपाठी, यशार्थ, आकाश, पुष्पेंद्र, अवनीश, स्वाती, दिव्या, पूर्णिमा, यास्मीन, संध्या,सीमा, आँचल, रमा, पूनम, आयशा, आयुषी, नमिता, शताक्षी, राखी, अलका, रेणु , अनीता, शुभा, अमित सर, अतुल सर, उत्कर्ष सर पर आदि उपस्थित रहे और बच्चो का उत्साहवर्धन किया।

## शिक्षिका के साथ दबंग शोहदा ने की अश्लीलता मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विद्यालय के गेट पर पहुंचते ही दबंग शोहदा शिक्षिका का हाथ पकड़ कर जबरियन अपनी बाइक पर बैठाने लगा। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। शिक्षिका ने मऊआइमा थाने में एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती पड़ोस के गांव शान्ति देवी इंटर कालेज रेवारी छाता में शिक्षिका है। बताया गया है कि शिक्षिका गुरुवार को विद्यालय जा रही थी जैसे वह स्कूल के गेट पर पहुंची तभी गांव का दबंग शोहदा उसे पकड लिया। शिक्षिका का आरोप है कि बाइक से आये शोहदे ने उसको जबरियन अपने बाइक पर बैठाने लगा। शिक्षिका का आरोप है कि शोर मचाने पर विद्यालय के प्रबंधक आ कर किसी तरह उसकी इज्जत बचाई। शिक्षिका ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर मोहम्मद कैफ उर्फ सोनू पुत्र इदरीस निवासी तेज पुर के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# ईशा पब्लिक स्कूल में बच्चों ने बनाई आकर्षक रंगोली

## प्रबंधक विजय पाल ने कहा की विभिन्न रंगों से बनी रंगोली देती है एकता का संदेश

अखंड भारत संदेश




**फूलपुर।** भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता को परिभाषित करती है जहां विभिन्न धर्म संप्रदाय के लोग एक साथ रहकर शसक्त भारत की परिकल्पना को साकार करते हैं। उक्त बातें शुक्रवार को ईशा पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने कही। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाई गई विभिन्न आकर्षक रंगोलियों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा की विभिन्न रंगों से बनी रंगोली हमें एक सूत्र में बंधे रहने का संदेश देती है। क्योंकि जब विभिन्न धर्म संप्रदाय के लोग जब एक साथ मिलते हैं तो निश्चित रूप से एक सुदृढ़ समाज की स्थापना होती है। इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्होंने कहा की विद्यालय का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही बच्चों का सामाजिक, सांस्कृतिक व नैतिक विकास करना है। प्रतियोगिता में शामिल कक्षा 10 की छात्रा काजल यादव, हेमा यादव,आयशा के साथ ही फिरोज, मोहम्मद इमरान, अभिषेक कुमार तथा कक्षा 9 के छात्र नीतू पाल ,आरुषि चौरसिया, तनु गुप्ता, सृष्टि सिंह, आरोही, कृतिका पांडे,सत्यम पटेल, मोहम्मद रेहान, अमन यादव, दिव्यांश पटेल,व कक्षा 8 से अंजलि चौहान, सरिता बिन्द, महक सिंह, अंकिता मिश्रा, अनुज भारतीय, रौनक कनौजिया द्वारा आकर्षक रंगोली बनाने पर विद्यालय प्रबंधन ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय पाल ने उपस्थित सभी अभिवावकों व गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर चंद्रभान,मोहम्मद जावेद, नीलम पाल, श्वेता पाल, इंदु त्रिपाठी, प्रतिभा पांडे, तनु मिश्रा ,उषा राय ,संगीता पटेल, सविता चौरसिया, उपासना यादव, पूनम पटेल ,सोनम पाल, पूजा चौधरी सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।




## बच्चों ने बनाई रंग-बिरंगी रंगोली

**प्रयागराज।** बच्चों में रचनात्मक गुणों का विकास करने एवं दीपावली के महत्व को दशार्ते हुए संविलियन विद्यालय मुबारकपुर , फूलपुर के बच्चों ने एक बढ़ कर एक सुंदरता से परिपूर्ण विद्यालय द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए रंगोली बनायी। इस अवसर विद्यालय के कक्षाध्यापक नीरज सिंह के नेतृत्व में प्रत्येक कक्षा के बच्चें सामूहिक रूप से कार्य करते हुए रंगोली बनाई। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीरज सिंह के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ एक साथ भ्रमण करते हुए प्रथम तीन विजेताओं का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। प्रथम पुरस्कार कक्षा आठ की टीम कृष्णा मौर्या, अंतिमा सरोज, शिल्पा, अनुष्का, प्रज्ञा पाण्डेय, दीपिका, श्रेया को मिला, द्वितीय पुरस्कार कक्षा छः के बच्चों शोभा पटेल, रागिनी पटेल, फलक नाज, ज्योति भारती, अंतिमा पटेल, अमित प्रजापति को मिला। तीसरा पुरस्कार कक्षा सात के एकलब्य एवं अन्य बच्चों को मिला। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत करते हुए प्रधानाध्यापक नीरज सिंह एवं सहायक अध्यापक अवधेश त्रिपाठी, रश्मि शर्मा, मन्जू, आशा देवी आदि ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। अभिभावकों में ओमप्रकाश, रामपूजन पटेल, बच्चा, सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया

अखंड भारत संदेश




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा में अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त ज्ञानदीप इण्टरनेशनल स्कूल, मवैया रोड, रामनगर में दीपों का त्यौहार दीपावली वडे ही धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल मे भगवान राम सीता व लक्ष्मण एवं हनुमान के रूप मे आयुष द्विवेदी, आदर्श वर्मा, अनन्या तिवारी उवं परीनिधि यादव के जोरदार अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। काजल एवं जिया का नृत्य एव प्रांजल एवं अमन का स्पीच एवं परीनिधी एवं जान्हवी का अभिनय ने सभी बच्चों का बखूबी आनन्द दिलाया। इस प्रोग्राम का संचालन प्रांजल पाडेय ने किया। प्रधानाचार्य शेष नाथ तिवारी ने सभी बच्चो को उपहार के साथ दिपावली के महत्व को भी समझाया। एवं बच्चों को पटाखों से सावधानी बरतने का सुझाव भी दिया। स्कूल के प्रबन्धक डाक्टर नीरज कुमार ने दीपावली की शुभकामनाओं के साथ ही पुरे स्टाप को जवरदस्त उपहार बाटे।स्कूल के डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा देवी जी ने कहा कि ज्ञानदीप इण्टरनेशनल स्कूल में शिक्षा संस्कृति दोनों का ध्यान दिया जाता है अतः यह आवश्यक है कि बच्चों का सांस्कृतिक एवं मानसिक दोनो का समुचित विकास होने के लिए समय समय पर ऐसा होता रहेगा। इस अवसर पर श्री एस के द्विवेदी, आर० के० शर्मा० अजीत सिंह, कामीनी. नीलम, अतीर्का, जाग्रीती, सीमा सहित सभी स्कूल के समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गरीबों की मदद से बढ़कर कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं : शशिकांत

### मिष्ठान व बर्तन पाकर गरीब श्रमिकों के खिले चेहरे



**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के रत्यौरा करपिया गांव के ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा ने गरीब श्रमिकों को थाली व मिष्ठान बांटकर धनतेरस व दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा ने कहा कि गरीब श्रमिकों के घरों में भी खुशहाली पूर्वक दीपावली का त्यौहार मनाया जाए। जिसके लिए गांव के विकास कार्यों में काम कर रहे मजदूरों को उपहार भेंट कर उन्हें पर्व की बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को गरीबों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। गरीबों की मदद से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य नहीं है। हर गरीब के घर में भी दीपावली का पर्व खुशहाली के साथ मनाया जाए। इसलिए ऐसे पुनीत कार्य में समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। विगत वर्ष दीपावली पर्व पर भी ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा के द्वारा दीपावली पर्व पर गरीब श्रमिकों को उपहार बांटे गए थे। ग्राम प्रधान के द्वारा प्रत्येक श्रमिकों को एक थाली व मिष्ठान वितरित किया गया। जिससे गरीब श्रमिकों के चेहरे खिल उठे। ग्राम प्रधान के इस सराहनीय कार्य की ग्रामीणों ने प्रशंसा की है। इस दौरान प्रमुख रूप से रोजगार सेवक प्रवीण पाण्डेय, राजेन्द्र आदिवासी, अखिलेश आदिवासी , मलखान , अंकित आदिवासी राजकिशोर, अजय कुमार,शीला देवी,नाथू आदिवासी, मनौता देवी, फूलचंद , आशीष कुमार आदिवासी,समेत दर्जनों की संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

# छात्रों ने विद्यालय में दीपावली मनाते हुए बनाई रंगोली, सजाए दीये

अखंड भारत संदेश



**करछना।** श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज अकोढ़ा में दीपावली की पूर्व संध्या पर बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में दीपावली बड़े ही धूमधाम से मनाई। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक,रंग-बिरंगी रंगोली बनाई साथ ही गणेश-लक्ष्मी,पुष्प समेत कई अन्य डिजाइन की रंगोली बनाकर दीप भी जलाया। छात्र-छात्राओं के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस जितेंद्र तिवारी उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया विद्यालय का स्टाफ भी शरीक हुआ साथ ही बच्चों को दीपोत्सव की बधाई दी।उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा छह से कक्षा बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।छात्र छात्राओं ने अलग-अलग विषयों पर एक से बढ़कर एक रंगोली सजाया तथा निर्णायक मंडल ने जूनियर व सीनियर वर्ग के टोली को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान से पुरस्कृत किया।मुख्य अतिथि जितेंद्र तिवारी ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के बहुमुखी विकास व व्यक्तित्व के उत्थान हेतु समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।अज्ञान से प्रकाश की ओर ले जाने वाले इस त्योहार पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें इस त्यौहार को आपसी भाईचारा व सौहार्द पूर्वक मनाए जाने की नसीहत दी।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय, सुशील सिंह, राजेंद्र पाण्डेय, रामसुंदर, आशीष शुक्ल, अमरेंद्र कुशवाहा, गणेश शुक्ल, अनुज प्रजापति,आरती मौर्य, प्रतिमा सिंह, निधि पाण्डेय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### रंगोली बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**घूरपुर।** प्रकाश पर्व दीपावली को लेकर जहां एक ओर तैयारी जोर-जोर से चल रही है तो वहीं दूसरी ओर शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राएं रंगोली बनाकर इस बार दीपावली को प्रदूषण मुक्त बनाने का संदेश दे रहे हैं। शिक्षक भी छात्रों को दीपावली पर पटाखों से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बीएल पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर को रंग बिरंगी रंगोली से सजाया। कॉलेज के संचालक पुष्पराज सिंह ने बच्चों को बताया कि दीपावली पर्व अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है। लिहाजा इस पर्व पर पर्यावरण को प्रदूषित करने की बजाय अपने अंदर की बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने शिक्षक और छात्रों के बीच मिष्ठान वितरण किया और दिपावली पर्व की मंगल शुभकामनाएं दी। रंगोली प्रतियोगिता में दीप सिंह, मानसी, आराधना, गरिमा, सिंधीपाल, विजई रही। प्रबंधक ने विजई छात्राओं को पुरस्कृत किया।

### छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**करछना।** के डी एन एम पब्लिक स्कूल खेक्सा में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को छात्राओं में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें छात्राओं ने रंगोली बनाकर और सजाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके खूब वाहवाही लूटी । वहीं प्रतियोगिता में अव्वल रही विजेताओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत करके उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। जिससे कक्षा 9 की तनु तिवारी प्रथम व अर्पित शुक्ला द्वितीय तथा श्रेषी केसरवानी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 8 की रुचि द्विवेदी प्रथम व श्रद्धा द्विवेदी द्वितीय तथा नित्या पांडेय तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 7 की अल्का मिश्रा व खुशबू गुप्ता तथा दिव्या तिवारी प्रथम और द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर रही । विद्यालय के प्रबंधक पवनेश कुमार मिश्र और प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पटेल की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक हिन्छराम मिश्र,प्रबंधक पवनेश कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पटेल, शनी कुमार, बृजेश कुमार ,विनीत कुमार, सुशील कुमार मिश्र, ए के मिश्र, आदर्श तिवारी , एचके शर्मा, हर्ष पांडेय ,बिंदु मिश्रा, मीना मिश्रा, अनामिका सिंह, रिद्धि द्विवेदी, दीपांजलि, निकिता ,खुशी ,दीपा, अनामिका सोनी, रिंकी गुप्ता आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही।

### सेंट पीटर्स स्कूल में इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता किया गया आयोजन




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लाक उरुवा में धनतेरस के अवसर पर सेंट पीटर्स स्कूल छतवा, सिरसा-प्रयागराज द्वारा इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हाउस कैप्टन के साथ-साथ हाउस प्रभारी शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी ने बताया कि रंगोली समृद्धि और धन लाने वाली मानी जाती है। विशेष अवसरों और धार्मिक समारोहों के दौरान रंगोली बनाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि रंगोलियों का आध्यात्मिक दृष्टिकोण और लाभ होता है। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ को खुशहाल और सुरक्षित दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं। और साथ ही साथ दीपो का त्यौहार दिपावली बड़े धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ बच्चों ने आपस मिलकर मनाये और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली त्यौहार की बधाई दिया। इस मौके पर स्कूल के प्रबन्धक और समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

### चौपाल लगाकर बीडीओ ने दी योजनाओ की जानकारी



**मांडा।** विकास खंड मांडा क्षेत्र के भरारी प्रथम, व दिघिया गाँव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में आयुष्मान, पीएम आवास, अन्त्योदय कार्ड, पात्र गृहस्थी सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गईं व कई समस्याओं का निराकरण किया गया। ग्राम चौपाल में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही समस्याओं का समाधान भी किया गया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा और स्वच्छता को लेकर किया जागरूक किया गया। ग्राम चौपाल में पंचायत विभाग, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभागों के तहत दर्जनों ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गईं। भरारी प्रथम गांव में हुई चौपाल की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने की। इस मौके पर एडीओ पंचायत रमा शंकर पांडेय,ग्राम प्रधान सुषमा देवी, सचिव तेज बहादुर सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहें।

# धनतेरस : बाजार में बरसी महालक्ष्मी की कृपा...

## 1200 करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मान्यता है कि धनतेरस को खरीदी गई वस्तु शुभ होती है। इस मान्यता को भुनाने के लिए संगम नगरी का बाजार तैयार है। ज्वेलरी और बर्तन सेक्टर तो इस खास दिन के लिए वर्ष भर इंतजार करता है। शायद इसी वजह से तमाम नामी शोरूम को ज्वेलरी की अच्छी बुकिंग मिली है। लोगों की ऑटोमोबाइल के प्रति दीवानगी भी कायम है। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी पूरी तरह से गुलजार है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का अनुमान है कि धनतेरस पर ही 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार संगम नगरी में हो सकता है।धनतेरस के साथ शुक्रवार से पांच के बजाय इस बार छह दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हो गई। चौक, सिविल लाइंस, कटरा, कोठापार्चा आदि बाजार दुल्हन की तरह सजे रहे। सुबह से ही ग्राहकों के आने का सिलसिल शुरू हो गया। तमाम शोरूम आकर्षक लाइट एवं फूल-मालाओं से सजा भी दिए गए हैं। वहीं, ग्राहकों ने भी धनतेरस पर भीड़ से बचने के लिए एक दिन पहले ही खरीदारी शुरू कर दी। शाम चार बजे से ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई।

**एक दिन पहले ही अधिकांश ग्राहक कराते रहे बुकिंग :**

शहर के सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, बर्तन, सराफा व फर्नीचर शोरूम में धनतेरस के पूर्व ही तमाम ग्राहक सामान की बुकिंग कराते दिखे। आजाद नगर के दीपक केसरवानी ने जहां एक फ्रिज की बुकिंग कराई तो वहीं कालिंदीपुरम के अनिकेत ने 125 सीसी की बाइक धनतेरस के मौके पर बुक कराई। वहीं, दूसरी ओर ग्राहकों को लुभाने के लिए कंपनियों व शोरूम मालिकों ने प्रत्येक खरीदारी के साथ उपहार से लेकर बंपर डिस्काउंट की घोषणा की है। कोरोना के बाद से ही मंदी झेल रहे रियल एस्टेट सेक्टर को भी धनतेरस से काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि इस बार कारोबार अच्छा होगा।

**लाइटवेट ज्वेलरी का क्रेज :**

शुक्रवार को चौक, सिविल लाइंस, रानीमंडी सहित शहर का सराफा बाजार चमक गया। ग्राहकों को लुभाने के लिए मार्केट में इस बार इटली व टर्की की लाइटवेट ज्वेलरी की कई डिजाइन आई हैं। कारोबारी दिनेश सिंह ने बताया कि ग्राहक 18 कैरेट की ज्वेलरी अधिक पसंद कर रहे हैं। लाइटवेट में सोने की अंगूठी, कंगन, टॉप्स व बाली की कई डिजाइन हैं। इसी तरह तनिष्क, चड्ढा ज्वेलर्स, रिलायंस ज्वेल्स, राणा ज्वेलर्स, मनमोहन ज्वेल्स, राजवंश ज्वेलर्स, सुमन ऑनामेंट आदि शोरूम में धनतेरस पर भीड़ से बचने के लिए ग्राहकों ने काफी पहले से बुकिंग करा रखी है। सराफा कारोबारी अनूप वर्मा ने बताया कि इस बार बाजार अच्छा जा रहा है। उधर, चांदी के सिक्के, डॉलर आदि की भी बाजार में अच्छी खेप आई है।

**स्टील के बर्तनों का क्रेज बरकारार :**

धनतेरस पर्व पर ठठेरी बाजार, चौक, सिविल लाइंस समेत तमाम बाजारों में बर्तनों की दुकानें सज गई हैं। इस बार तांबा, कॉपर और स्टेनलेस बर्तनों की कई डिजाइन आई हैं, जो लोगों को आकर्षित कर रही हैं। बर्तनों का आकार बदल कर नए रूप में पेश करने से ग्राहक उनकी खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, स्टील के बर्तनों का क्रेज पहले की तरह बरकरार है। कारोबारियों के मुताबिक डिजाइन बदल जाने से थाली, कटोरी व ग्लास जैसे कई बर्तनों को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। ठठेरी बाजार के उदय कुमार ने बताया कि बाजार में स्टील के बर्तनों की कीमत 30 रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक है। वहीं नॉन स्टिक बर्तन भी खूब डिमांड में हैं।

**स्मार्ट टीवी और फ्रिज की हो रही ज्यादा बिक्री :**

शहर के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक बाजार सिविल लाइंस और जानसेनगंज वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, एलईडी टीवी से सज गए हैं। पर्व को देखते हुए कंपनियों की ओर से ग्राहकों को तमाम ऑफर दिए गए हैं। कुछ शोरूम में कॉम्बो पैक भी दिया जा रहा है। इसमें फ्रिज, वॉशिंग मशीन और एलईडी टीवी शामिल है। सिविल लाइंस में इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी केके श्रीवास्तव ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस वाले फ्रिज भी लोग पंसद कर रहे हैं। स्मार्ट टीवी की भी डिमांड ज्यादा है। शोरूम संचालक कैशबैक समेत प्रत्येक खरीद पर गिफ्ट आदि के ऑफर दे रहे हैं।

## चौकी से 150 मीटर की दूरी पर 5 चोरों ने पार किया दो लाख का जनरेटर



**प्रयागराज।** नया कटरा जगराम चौराहा स्थित आजम इलेक्ट्रॉनिक के घर के बाहर खड़े जनरेटर का ताला सिक्कड़ तोड़कर चोरों ने जनरेटर पार कर दिया। देर रात हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी को किस तरह दिया गया अंजाम वीडियो में आप साफ देख सकते हैं। 5 चोरों ने जनरेटर चोरी किया है। आजम भाई के अनुसार जनरेटर की कीमत दो लाख के आासपास है। पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के आहत लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, उ0प्र0 नन्द गोपाल गुप्ता नंदी शुक्रवार को कलेक्टेट स्थित संगम सभागार में उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य श्रीमती निर्मला पासवान, महानगर अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र मिश्रा, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जी के लखनऊ में आयोजित नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संगम सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मंत्री जी के द्वारा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिलिंग से सम्बंधित सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मंत्री जी ने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को धनतेरस, दीपावली व भैया दूज की बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार के संकल्प पत्र में दीपावली व होली के अवसर पर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त सिलेण्डर वितरण किए जाने का वादा किया गया था।हमारी माताएं-मंत्री जी ने कहा कि विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव तथा अंतिम व्यक्ति को मिल सके। जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने प्रशासन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं सभी जनपद वासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से बिना भेदभाव के त्वरित रूप से दिया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह, परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्या, जिलापूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों सहित उज्जवला योजना के लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

मंत्री नंदी ने उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिलिंग से सम्बंधित सांकेतिक चेक प्रदान किया गया



## भाजपा नेता ने मेडिकल स्टोर का किया उद्घाटन



**मेजा।** विकास खंड मेजा क्षेत्र के ग्राम सभा अंतरी अमिलिया में पूजा मेडिकल स्टोर का शुक्रवार को मुख्य अतिथि भाजपा नेता संजय तिवारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।श्री तिवारी ने पूजा मेडिकल स्टोर संचालक सत्यम सिंह को शुभकामनाएं दी। सत्यम सिंह ने बताया कि हमारे यहां अंग्रेजी आयुर्वेदिक एवं पशुओं के दवाओं का फुटकर बिक्री किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी दवाएं होलसेल व रिटेल रेट में मुहैया कराई जाएगी।ग्रामीण इलाके में मेडिकल स्टोर खुलने पर ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली।इस मौके पर मुख्य रूप से आशुतोष मिश्र,प्रधान पंकज राव और सूरज राव सहित गांव के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में सेंट्रल जेल के पास देर रात अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के सेंट्रल जेल के पास गुरुवार देर रात अनियंत्रित डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर नैनी पुलिस पहुंची और युवक के आईडी कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त अभिषेक कुमार पुत्र अर्जुन निवासी मलाकराज रामबाग कीडगंज के रुप में हुई। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहां मौजूद लोगों की मानें तो बाइक पर एक और युवक स्वार था, जो घटना में छिटक कर दूर जा गिरा और साथी की मौत देख घबराकर मौके से भाग गया।




## प्रधानों व बीडीसी की बैठक में विकास पर हुई चर्चा,जनप्रतिनिधि हुए सम्मानित



**मेजा।** बुधवार को ब्लाक प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित हुई, जिसमेंशासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास से संबंधित 13 महत्व पूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। मेजा ब्लाक के सभागार में आयोजित ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक की शुरूआत एडीओ (आईएसबी) राजेश त्रिपाठी ने किया।उन्होंने गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि जल जीवन मिशन, समाज कल्याण विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों, बालविकास एवं पुष्टाहार योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, ग्राम पंचायत विभाग की योजनाओं, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनाओं, क्षेत्र पंचायत पंचमावित्त केंद्रीय वित्त कार्य योजनाओं सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। तत्पश्चात ब्लाक कैंपस में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में आयोजित धन तेरस एवं दीपावली महोत्सव कार्यक्रम में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों तथा अन्य गणमान्य लोगों को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा अंग वस्त्रम एवं उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने भी सिरकत किया। इस दौरान रोजगार सेवक भरत मिश्रा के एक हादसे में मौत पर कार्यक्रम में मौजूद उनकी दो बेटियां शिवानी और सुहानी को इस दुख की घड़ी में मेजा ब्लाक की तरफ से 25 - 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई वहीं इन दोनों बेटियों को दस दस हजार रुपए की राशि विधायक नीलम करवरिया ने दिया। प्रधान पुष्पराज सिंह दस हजार, वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद उपाध्याय पांच हजार, जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह पांच हजार, मेंडरा प्रधान कल्लू बिंद एक हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया। आर्थिक सहयोग देने वालों में कई अन्य लोग भी मंच पर आए।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान अनिल शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ मेजा सरिता सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अखिलेश तिवारी, डीडीओ भोलानाथ कनौजिया, देशराज सिंह, जितेंद्र शुक्ला, सुरेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं प्रधान काजी मुअज्जम पप्पू, अमित सिंह तथा शेषमनि शुक्ला के अलावा कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## विशाल संकल्प संस्था ने अनाथ बच्चों के साथ मनाई दीपावली

**प्रयागराज।** मां बाप की छांव बच्चों की पूरी दुनियां होती है। पलकों के बीच आंखों की तरह महफूज रहकर बचपन बीतता है उनका,लेकिन हमारे ही समाज में कुछ ऐसे ही बच्चे है, जिन्होने बचपन में ही माता पिता को खो दिया। संवेदनशीलता तो यही सिखाती है कि इस दिवाली हम अपने बच्चों के साथ साथ उन्हें भी खुश करने की कोशिश करनी चाहिए।

विशाल संकल्प संस्था ने,हमेशा की तरह इस बार भी,रचनात्मक पहल की है, बच्चों को कलात्मक दिए बनाना सिखाया गया साथ ही दिवाली के उपहार वितरित किए गए। डॉ अंजली केसरी ने बताया कि बच्चों ने बहुत मनोयोग से दिए बनाए है और प्रदर्शनी के लिए बहुत उत्साहित भी है। अनाथालय के बच्चों ने कुछ इस तरह मनाई दिवाली की खुशियां। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई व उपहार वितरित की गया जिसे पाकर बच्चे काफी खुश नजर आएं। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर सतीश चंद्रा ने बच्चों को हिम्मत से आगे बढ़ने को कहा और संस्था के कार्यों की सराहना की। रौनक गुप्ता ने बच्चों के दिए सजाने की कलात्मक प्रतिभा की तारीफ की।विशाल संकल्प संस्था की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा केसरी ने बताया मानवता के लिए समर्पित भाव से हम सभी को काम करना चाहिए। कार्यक्रम में सुमित गुप्ता,अभिलाष केसरवानी, जितेंद्र वर्मा आदि अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।














## एसजीटी पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**मेजा।** एसजीटी पब्लिक स्कूल मेंडरा में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।संस्था के प्रिंसिपल पवन तिवारी के सरक्षण में स्कूल के पांच ग्रुपों में कुल 35 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सभी बच्चों ने अपनी कुशलता का उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये रंगोली के जरिये सामाजिक समरसता एंव महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों में टीम मुखिया शिवम बिंद,काजू यादव,अनुष्का सिंह, सबा आफरीन और आयुष सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ रंगोली में जन डालने की कोशिश की। प्रिंसिपल पवन तिवारी ने बताया कि संस्था समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को संबंधित जानकारी प्रदान की जाती है।प्रतियोगिता में विजेता टीम को आगामी 16 नवंबर को एडीओ(समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## टूटी दुकाने धनतेरस पर बाजार में सन्नटा

**झूंसी।** धनतेरस पर जहां गांव से लेकर शहर तक के बाजार गुलजार रहे वहीं सड़क चौड़ीकरण वाले मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। हर तरफ मलवे का ढेर लगा है। दुकाने टूटी है जो बची है वहा भी लोग खरीदारी करने नही पहुचे। कुंभ मेले के लिए अंदावा से लेकर हंडिया तक, झूंसी की छतनाग रोड, नई झूंसी से पुरानी झूंसी जाने वाली सड़क व पुरानी जीटी रोड पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। चौड़ीकरण की जद में आई दुकाने टूट गई है। जिसकी वजह से धनतेरस पर व्यापारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ी पहले मकान और दुकान टूटा और धनतेरस पर व्यापार भी चौपट रहा। जीटी रोड हनुमानगंज में पुलिया निर्माण की वजह से कोटवा रोड को बंद कर दिया इस वजह से यहाँ भी लोग खरीदारी करने नही पहुचे। कोटवा रोड स्थित साई बैटरी के मालिक प्रहलाद सिंह का कहना था कि पिछले साल की अपेक्ष 25 प्रतिशत भी व्यापार नही हुआ। झूंसी के व्यापारी नेता रवि प्रखर, अनुज केशरवानी ने बताया की ध्वस्तीकरण से दीपावली पर पूरा व्यापार चौपट रहा।












# जिले से आठ हजार लोग जाएंगे महानाट्य जाणता राजा का मंचन देखने

## समिति द्वारा शोभा यात्रा व पावन खिंड माटी नमन का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**


मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

**प्रतापगढ़।** जाणता राजा महानाट्य आयोजन समिति द्वारा शोभा यात्रा एवं पावन खिंड माटी नमन का आयोजन किया गया। यात्रा के पूर्व सेवा भारती के सदस्य विजय शंकर चतुर्वेदी ने पावन खिंड माटी का अर्पण किया जिसका विधिवत पूजन किया गया। इस दौरान विजय शंकर चतुर्वेदी ने सभा को संबोधित भी किया।

उन्होंने शिवा जी महाराज के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा हिन्दवी साम्राज्य की स्थापना के 350 वर्ष आगामी जून 2024 में पूर्ण होने वाले हैं, इसी उपलक्ष्य में महानाट्य जाणता राजा का मंचन देश के विभिन्न नगरों में चल रहा है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ के आठ हजार लोग आगामी 24 नवंबर को काशी में उपरोक्त महानाट्य को देखने के लिए जाने वाले हैं। अपने उद्बोधन में विजय शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि यह महाराज छत्रपति शिवा जी ही थे जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता की नींव रखी थी। उद्बोधन के पश्चात रथ पर रखे गए पावन खिंड की मिट्टी से युक्त कलश का सभी ने पूजन कियाद्य इसके पश्चात विशाल शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जिसका नागरिकों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सचिव डॉ सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवेश, विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी, जिला संचालक चिंतामणि द्विवेदी, नगर सहसंघचालक नितेश खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, सांसद संगम लाल गुप्त के अनुज और कार्यक्रम के सहसंयोजक दिनेश गुप्ता, सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूर्णांशु ओझा, गिरजा शंकर मिश्र, डॉ रंगनाथ शुक्ल, अनुराग मिश्रा, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र,आलोक गर्ग, सुनील दुबे, ओमप्रकाश पांडे गुड्डू, आलोक, देवानंद त्रिपाठी, डॉ शिवानी मातनहेलिया, रुचि केसरवानी, प्रमिला शुक्ल, पूनम इंसान, डीपी इंसान, राकेश त्रिवेदी, चंद्र प्रकाश पाल, विद्यासागर शुक्ल,

# जरूरतमंदों को भूमि अधिकारों के प्रति दी जायेगी जागरूकता

## लालगंज नगर में निःशुल्क परार्मश केन्द्र के शुभारम्भ पर हुई परिचर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के तहसील रोड पर शुक्रवार को भूमि अधिकारों के संरक्षण व सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वही अतिथियों द्वारा गरीब तपके के लोगों के भूमि सम्बधित अधिकारों की जागरूकता को लेकर निःशुल्क परामर्श केन्द्र का भी समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया।

संगोष्ठी में सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान को लेकर विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया गया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा समाजसेवी सुधीर मिश्र व ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने फीता काटकर परामर्श केन्द्र का उद्घाटन किया। अतिथियों ने भगवान गणेश व लक्ष्मी तथा देवाधिदेव महादेव के चित्रों पर माल्यार्पण किया। ब्लाक प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि आज के दौर में विकास की मजबूती के लिए भूमि अधिकारों को संरक्षित किये जाने की सबसे बड़ी आवश्यकता है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष ने भी जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि वरासत तथा घरोनी एवं खतौनी को जरूरतमंदों को निःशुल्क प्रदान कराने में यह केन्द्र शासन की मंशा को सफल बनाने में सहभागी होगा।अध्यक्षता करते हुए डिफेंश टाइगर्स के अध्यक्ष सुधीर मिश्रा ने भूमि सम्बधित कानूनी सहायताओं पर प्रकाश डाला। संचालन पूर्व प्राचार्य आचार्य राजेश मिश्र व संयोजन हरिश्चन्द्र अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा समाजसेवी सुधीर मिश्र को आयोजन समिति के द्वारा भगवान की प्रतिमा तथा श्रीफल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर व्यापार मडल अध्यक्ष उदय शंकर दुबे, समाजसेवी पप्पू तिवारी, दिनेश पाण्डेय, अशोक शुक्ला, कालिका प्रसाद पाण्डेय, राजू सिंह, आचार्य त्रिवेणी धर शुक्ल, दिनेश सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह मोनू, प्रीतेन्द्र ओझा, राजेश तिवारी, ओपी शुक्ला, आदि रहे। आभार प्रदर्शन संदीप ओझा ने किया।

# साईं मंदिर पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के भरोखन स्थित साईं मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर बेनी प्रसाद सिंह सोमवंशी महाविद्यालय तथा नौलाखी देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षकों को अंगवस्त्रम तथा साईं बाबा का चित्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के भरोखन में स्थित बेनी प्रसाद सिंह सोमवंशी महाविद्यालय में साईं बाबा का भव्य मंदिर स्थापित किया गया है।

जहां पर हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमे हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करते है। श्री रामचरितमानस पाठ के बाद शुक्रवार को विशाल भंडारे के अवसर पर महाविद्यालय तथा इंटर कालेज के शिक्षकों को अंगवस्त्रम के साथ-साथ साईं बाबा का चित्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। महाविद्यालय तथा इंटरमीडिएट कॉलेज के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने सभी को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक दयाभन सिंह पप्पू सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि शिक्षकों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है क्योंकि समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राजपति विश्वकर्मा, अनुराग सिंह, रामकृपाल यादव महावीर वर्मा घनश्याम मौर्य, अशोक कुमार राव, सुभाष वर्मा उमाशंकर यादव मुकेश यादव सुनील मिश्रा वही डिग्री कॉलेज के प्राचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह राजेश वर्मा उदय राज वर्मा, राजनाथ मिश्रा ओमप्रकाश पाल अमर बहादुर सरोज पवन चैरसिया अरविंद यादव दिनेश कुमार सिंह, अनुपम सिंह, रामचंद्र यादव शिव शरण सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

## विविध कार्यक्रमों में शामिल होगे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर विविध कार्यक्रमों में शामिल होगे। उपनेता प्रमोद तिवारी अपरान्ह साढ़े तीन बजे लालगंज नगर के राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज में संस्थापक अध्यक्ष पं0 राम अंजोर मिश्र की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेगे। इसके पूर्व वह दिन में डेढ़ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन व दीप प्रज्वलन करेगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ननौती,मंगापुर, अठेहा, मुरैनी, सांगीपुर, गोसाई का पुरवा अमावां में भी आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होगे।

# कार्तिक पूर्णिमा मेला पर मां ज्वाला देवी धाम मानिकपुर में एसडीएम ने की बैठक

## एसडीएम कुंडा ने अधिकारियों को तत्काल कार्य शुरू करने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा का मेला 25 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित होगा। इस संबंध में उपजिलाधिकारी कुंडा भरत राम की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारियों की तैयारी प्रशासनिक बैठक मां ज्वाला देवी धाम पर आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ0 विजय यादव ने कार्य योजना प्रस्तुत किया जिस पर उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभाग लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि कुसेमर-मानिकपुर रोड को सहजनी से कुसेमर तक तथा गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन से शाहाबाद स्नान घाट तक क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करे। इलाहाबाद गंगा स्नान घाट पर गंगाजल के अंदर वैरीकेटिग, रस्सा, नाव की व्यवस्था करें। विद्युत विभाग मेला के दौरान निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति बनाए रखना जर्जर तारों को दुरुस्त करने तथा शाहाबाद घाट वी मां ज्वाला देवी मंदिर पर 250 केबीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा मेला के दौरान विद्युत व्यवस्था की निगरानी रखें। स्वास्थ्य विभाग को कुंओ आदि को संक्रमित करते हुए फागिंग की व्यवस्था तथा शाहाबाद घाट तथा ज्वाला देवी मंदिर पर स्वास्थ्य शिविर लगाए। जल निगम विभाग नगर क्षेत्र के हैंडपंपों को पेयजल के लिए चालू हालत में रखें। पुलिस विभाग पर्याप्त सुरक्षा बल, जल पुलिस, एन डी आर एफ की टीम की व्यवस्था समेत अन्य की व्यवस्था व निगरानी रखें। नगर पंचायत मानिकपुर मेला परिक्षेत्र की साफ सफाई प्रकाश की व्यवस्था ज्वाला देवी मंदिर पर व शाहाबाद घाट पर भूले भटके शिविर की व्यवस्था की जाय। अग्निशमनदल मेला क्षेत्र में अपनी गाड़ी के साथ मौजूद रहे। अन्य विभागों को भी निर्देशित किया गया है, कि जिन विभागों को जो-जो जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। समय अवधि के अंदर उसे पूरा कर ले। जिससे स्नानार्थियों व दर्शनार्थियों को कोई असुविधा न हो। समय से कार्य पूरा न करने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉक्टर विजय यादव ने बैठक संपन्न होने पर सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उर्फ डिंपू भैया, अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार सिंह, मानिकपुर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे, विद्युत उपखंड अधिकारी राहुल वैश्य, पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, नवाबगंज उपनिरीक्षक हरीश तिवारी, फायर ब्रिगेड रामकुमार, बॉबी कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सोनकर, जितेंद्र मिश्रा, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित, राकेश जायसवाल, पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला, राजकुमार यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, समेत अन्य विभागों के अधिकारी व नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राम, सीता का वेष पहनकर बच्चों ने मचाया धमाल

## हैप्पी टाइम स्कूल में रंगोली के बाद बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**


राम, सीता की वेष में सजे हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल के बच्चे।

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में दीपावली व धनतेरस के उपलक्ष्य में जहां स्कूल प्रांगण को रंगोली बनाकर सजाया गया था, वहीं छोटे-छोटे बच्चे राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन व सीता का रुप धारण कर आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

पीजी क्लास के अदविक, अभिमन्यु, आयुष्मान व सृष्टि जहां राम की वेशभूषा धारण किये हुए थे, वहीं अक्षिता, कूहू, वीहू, शिनिका और सिद्धि ने सीता के वेष में जब कक्षा से बाहर निकले तो बच्चों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राधा तेरा कंगना, घर मोरे आयो परदेसिया तथा कुछ कहिये गीतों पर लक्ष्मी, वैष्णवी, सिद्धि, कूहू, वीहू, अभिषेक, युवराज ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने सभी बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सहयोग करने वाली शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रियांशी, सीमा, सौम्या, सृष्टि, उमेश, राज प्रताप, सुलेखा, ममता आदि रहे।

## देशभक्ति, जनशक्ति, महिला शक्ति, एवं बालिका शिक्षा की प्रतीक बनी रंगोलियां

**अखंड भारत संदेश**


रंगोली प्रतियोगिता के बीच बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल के बच्च।

**प्रतापगढ़।** बी०एल० सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को दीपावली के उपलक्ष्य में छात्राओं ने किट मेकिंग, थाल, दीया और मोमबत्ती सजावट, रंगोली, चार्ट प्रतियोगिता, बोर्ड डेकोरेशन में हिस्सा लिया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगोली बनाकर मन मोहा। प्रधानाचार्य मोहित पांडेय ने सभी को दीपावली आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस विजयी रहे। जबकि दीपक प्रतियोगिता में प्रथम पर ब्लू हाउस रहा। बोर्ड डेकोरेशन में रेड एवं येलो ने बाजी मारी तो पोस्टर मेकिंग में रेड हाउस विजयी रहा। निदेशक रामजी लाल जायसवाल व श्याम जी लाल जायसवाल ने बच्चों द्वारा किए गए सुंदर प्रयासों की सराहना की। सभी बच्चों और अध्यापकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संजीत दिवेदी, खुशबू पांडे, वंदना, शिखा, बबिता, गुंजन, अनुराधा, रश्मि, मुस्कान, अक्षय, एमपी सिंह, इमरान, रेशमा, उमंग, चंचल आदि लोग मौजूद रहे।

# रामानंद शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

## स्थापना दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**


वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** रामानंद शिक्षण संस्थान, सराय देवराय द्वारा स्थापना दिवस एवम वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के चेयरमैन अशोक कुमार यादव रहे।

करीब पच्चीस वर्ष पहले सुदूर ग्रामीण अंचल में स्व.गुरु प्रसाद व मंगल प्रसाद द्वारा स्थापित विद्यालय निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और ग्रामीण प्रतिभाओं को संवारने का काम कर रहा है। आज विद्यालय के वार्षिकोत्सव में कुमारी माया, संजना, खुशी, आंचल, प्रिया, पूजा, आंशी, तान्या, सानिया, सुप्रिया, ज्योति सहित कई बालक,बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा और दर्शकों की वाहवाही बटोरा। बड़ा नीक लागे, मोरे देशवा की माटी। राष्ट्रगीत का प्रस्तुतिकरण स्कूल की बालिकाएं पूजा पटेल, आँशी कश्यप, खुशी सरोज, रिया गुप्ता ने किया तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मनोज कुमार, मोतीलाल चैधरी, राम कैलाश विश्वकर्मा, पत्रकार अभय कुमार, रमेश कुमार यादव, सज्जन विश्वकर्मा, संत शरण विश्वकर्मा, प्रधानाध्यापक जगत पाल विश्वकर्मा, मुस्तफा हुसैन रसिया सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन सिंह ने किया।

# लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के सदस्यों ने किया डाण्डिया

## मेरी सलोनी बहू प्रतियोगिता में कोमल सिंह रहीं प्रथम

**अखंड भारत संदेश**


डाण्डिया खेलतीं लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव की महिलाएं।

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के तत्वाधान में सभी परिवार सदस्यों और बच्चों के साथ स्थानीय मोती महल के सभागार में डांडिया का खुमार छाया रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी हुई जिसमें कपल डांस में डॉ. कामायनी एवं डॉ. सुधांशु उपाध्याय, मेरी सलोनी बहू प्रतियोगिता के अंतर्गत कोमल सिंह को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

डांडिया कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें सर्वश्रेष्ठ ड्रेस पुरस्कार प्रेमलता जयप्रकाश खंडेलवाल एवं सी ए सुरभि अर्पित खंडेलवाल युग्म को मिला। लेडीज बेस्ट ड्रेस अप में कंचन सिंह, डा. दीपमाला मिश्रा, रेनू केसरवानी, डाली केसरवानी, मालिनी केसरवानी, इक्षिता मिश्रा, शताक्षी गुप्ता, अंजली गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रीना केसरवानी पूनम आहूजा सुमन खरे मिन्नी राजपाल और तरनजीत कौर को विशेष सराहना प्राप्त हुई। सभी विजेता भाभियों को अध्यक्ष डाली केसरवानी, सचिव मालिनी केसरवानी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा केसरवानी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बाल कलाकार नृत्य में बेबी सरगुन कौर, आरोही खंडेलवाल, परिषी खंडेलवाल को, युवा कलाकार में बेस्ट वैष्णवी केसरवानी और गार्गी को भी विशेष सम्मान मिला जिन्हें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। शेष सभी को संस्था एवं आनंद केसरवानी, मनीष केसरवानी द्वारा उपहार वितरित किए गए। डाली केसरवानी ने अपने उद्बोधन में सफल कार्यक्रम के सभी महिलाओं और सदस्यों को बधाई दी एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपेश दयाल, संजीव आहूजा, सतबीर सिंह, विकास गुप्ता, डॉ. बृजभान सिंह, शिशिर खरे, पंकज मिश्रा, अजय केसरवानी, गोपाल गुप्ता, डॉ संदीप कुमार मिश्रा, अमोलक सिंह, राहुल श्याम गुप्ता, जयप्रकाश खंडेलवाल आदि का आभार व्यक्त किया।

## धनतेरस पर बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़, मंदिरों में जगमगये दीप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धनतेरस के पर्व पर शुक्रवार को बाजारों में भीड़-भाड़ को लेकर पुलिस प्रशासन को यातायात प्रबंधन के हलाकान देखा गया। वही बाबा घुइसरनाथ धाम तथा लालगंज श्री हनुमंत निकेतन व तहसील रोड पर हरिहर मंदिरम् व इनहन भवानी धाम आदि मंदिरों में लोगों ने शाम की बेला में दीप जलाये। श्रद्वालुओं को बाबा घुइसरनाथ धाम में दोपहर बाद से ही पहुंच कर गणेश लक्ष्मी भगवान के पूजन अर्चन में उत्साहित देखा गया। लालगंज बाजार में नेशनल हाइवे पर पूरे दिन यातायात व्यवस्था रेंगती दिखी। घुइसरनाथ रोड पर भी कमोवेश भीड़ का जमावड़ा बना रहा। चैक पर पुलिस पिकेट के अलावा कोतवाली से भारी फोर्स को यातायात व्यवस्था सुचारू रूप बनाये रखने में हलाकान होते देखा गया। एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर लालगंज तथा सांगीपुर व उदयपुर क्षेत्र में फोर्स के साथ संयुक्त भ्रमण पर दिखे। वही तहसील में शुक्रवार को पटाखे की बिक्री के लिए अनुमति के लिए दावेदारों की भीड़ भी परेशान दिखी।

# धनवंतरि जयंती पर नगर पालिका ने चलाया सफाई का हस्ताक्षर अभियान

## विधायक, अध्यक्ष, ईओ व आम नागरिकों ने की शिरकत


कम्पनी गार्डेन में सफाई की शपथ लेते अधिकारी व नागरिकगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज धनतेरस के शुभ अवसर पर कम्पनी गार्डेन में जहां नगर पालिका ने सफाई अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया, वहीं धनवंतरि के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में आयुष चिकित्सकों ने आयुष के महत्व को लोगों को बताया।

इस अवसर पर सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, सभी सफाई नायक तथा सफाई कर्मियों ने हस्ताक्षर अभियान तथा धनवंतरि जयंती में भाग लिया। हस्ताक्षर अभियान में प्रातः टहलने वाले सैकड़ों लोगों ने सफाई अभियान में हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि शहर में निरंतर चल रहे सफाई अभियान में नागरिकों का सहयोग मिल रहा है। इससे सफाई अभियान में कहीं कोई कठिनाई नहीं आएगी। इस दौरान सफाई की शपथ भी दिलाई गई।

## आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान में हुई धनवंतरि पूजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान खरहर प्रतापगढ़ में आरोग्य भारती की तरफ से आरोग्य देव भगवान धन्वंतरि पूजन एवं आयुर्वेद परिचय संगोष्ठी आयोजित की गई। हवन पूजन विधि विधान से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृत्युंजय प्रसाद ने मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ रंगनाथ शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश्वर उपाध्याय, डॉ सिमरन उपाध्याय को अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर दिवाकर सरोज, रत्नेश त्रिपाठी, प्रदीप यादव, अश्विनी पाल, जगन्नाथ शर्मा, पूजा शुक्ला, पूजा पांडेय, शेष उपाध्याय, देवी उपाध्याय, राघवेंद्र पांडेय, गणेश मिश्रा सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## कार ने चार भाईयों को मारी टक्कर, एक की मौत

**प्रतापगढ़।** अनियंत्रित कार की टक्कर से संदीप नामक एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके तीन भाई घायल हो गये। बताया जाता है कि कंधई थाना क्षेत्र के बशीरपुर गांव निवासी संदीप अपने तीन भाईयों के साथ दुकान बंद कर वापस घर लौट रहे थे। जेल रोड पर सब्जी खरीदते समय एक अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे चारों भाई बुरी तरह से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां संदीप की मौत हो गई। तीन भाईयों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। दुर्घटना करने वाली कार आगे जाकर एक पुलिया से टकराकर पलट गई लेकिन कार चालक भाग गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

## लाठी कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को अपनो ने उतारा मौत के घाट

**चाचा के परिवार के लोगों ने युवक पर लाठी कुल्हाड़ी से किया हमला इलाज के दौरान युवक की हुई मौत**

**चाचा समेत पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के तरना ग्राम सभा में बीती रात 9:00 बजे शराब के नशे में चाचा अपने लडके व साढू के साथ मिलकर भतीजे युवक पर लाठी कुल्हाड़ी से बेरहमी से हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने चाचा समेत पांच लोगों को पूछताछ के लिए थाना पकड़ लाई है जिनसे कड़ाई से पूछताछ चल रही है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के तरना गांव निवासी मस्ताना उम्र 35 वर्ष पुत्र लालमन मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। वही उसकी शादी 10 साल पहले भरवारी के रमचौरा गांव में गेंदला देवी के साथ हुई ही। जिसके 5 बच्चे थे।वहीं बीती रात मस्ताना मजदूरी कर घर वापस आया था कि तभी चाचा दूधनाथ पुत्र प्रभु पटेल एवं छेद्दू पुत्र दूधनाथ एवं साढू ज्ञान चंद्र आदि ने मस्ताना को गाली गलौज करना शुरू कर दिया विरोध करने पर लाठी और कुल्हाड़ी से मस्ताना पर हमला कर दिया गया जिससे मस्ताना को गंभीर चोटें आई है घायल युवक को परिवार वालों ने इलाज के लिए पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया हालत नाजुक देख उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम सा मच गया। सूचना पर सराय अकिल अतिरिक्त इंस्पेक्टर राम प्रवेश ने मौके पर पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचकर पंचायत नामा की प्रकिया पूर्ण करते हुए शव को मर्चरी हाउस में रखवाया।और साथ ही मौके पर सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह ने मौके से घटना स्थल पर पहुंच कर चाचा समेत पांच लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। इस पूरे मामले में सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह का कहना है। घटना स्थल पर पंहुच कर मौके से पूछताछ हेतू पांच लोगों को उठाया गया है। वहीं मृतक युवक के पिता की शिकायत के आधार पर चाचा दुधनाथ, लड़का छेद्दू एवं साढू ज्ञानचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज. कर कार्रवाई की जा रही है।

## धनतेरस के पर्व पर 50 करोड़ से अधिक का हुआ व्यापार

**धनतेरस के त्यौहार में इस वर्ष खरीददारों में दिखी उत्सुकता सुबह से देर रात तक दुकान में लगी रही ग्राहकों की भीड़**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** धनतेरस के पर्व पर पूरे कौशाम्बी जनपद के बाजारों में व्यापारियों ने दुकान सजा कर रखी है सुबह से ही दुकानों में ग्राहकों की भीड़ लग गई देर रात तक लगातार ग्राहकों की भीड़ दुकानों में लगी रही उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने बताया कि ऑटोमोबाइल ज्वेलरी कपड़े बर्तन फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान और किराने के घरेलू सामानों की दुकानों में धनतेरस के पर्व पर बेहद अच्छी बिक्री हुई जिससे यह आंकड़ा लगाया गया कि कौशांबी जनपद में 50 करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार हुआ इस व्यापार से साबित होता है कि किसान आम उपभोक्ता की खरीददारी की क्षमता बढ़ी है उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद पहली बार धनतेरस के पर्व पर ऐसा देखने को मिला है जब दुकानों में खरीददारों की भीड़ दिखाई पड़ी है रमेश अग्रहरि ने बताया कि कौशांबी के अलावा प्रदेश के अन्य जनपदों से भी सूचना प्राप्त हुई है कि इस वर्ष धनतेरस पर्व पर अच्छा व्यापार हुआ है हालांकि तमाम ग्राहकों को बिल वाउचर नहीं दिए गए हैं जिससे सरकारी आंकड़ों में धनतेरस की पूरी तरह से दर्ज नहीं हो सकी है।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी धनराशि का डमी चेक किया वितरित



**कौशाम्बी** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा रू0-2312 करोड़ के व्यय भार से प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान का शुभारम्भ किया,इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना अध्यक्षा,जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर,जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने उदयन सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियां को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने के कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। अध्यक्षा जिला पंचायत, जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 20 लाभार्थियों-प्रेम कुमारी, पुष्पा देवी, लक्ष्मिन सिंह, उमा देवी साधना, वन देवी, संगीता देवी, रोशनी देवी, ममता देवी, हाशमी बेगम, विमला देवी, रेनू देवी, ज्ञानरती, अनीता देवी, साक्षी देवी, रन्नों, रिंकी देवी, अनारा देवी, संगीता एवं गीता देवी को प्रतीकात्मक रूप से सब्सिडी धनराशि का डमी चेक वितरित किया। अध्यक्षा जिला पंचायत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लाभार्थियों से कहा कि सरकार द्वारा निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जा रहा है, यह प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की तरफ से आप लोगों को दीपावली की सौगात है जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कुल 1.72 लाख परिवार लाभार्थी हैं। प्रथम चरण में आधार प्रमाणित 76047 लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जायेंगा तथा शेष लाभार्थियों का आधार प्रमाणित कराते हुए शीघ्र ही निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जायेंगा। यह योजना मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री की महत्वाकॉक्षी योजना है। सब्सिडी की धनराशि सीधे आपके खाते में हस्तान्तरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास रहता है कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित किया जाय। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। महिलाओं को चूल्हें की धुआं से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए यह योजना शुरू की गई, जो कि एक वरदान के रूप में साबित हुई। सरकार द्वारा निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/बहनों को दृष्टिगत रखकर अनेक योजनायें संचालित किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त एवं सबल बनाने का कार्य किया जा रहा है इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, जिलापूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी एवं प्रतिनिधि जयसिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

**गरीबों के साथ कैसा भद्दा मजाक**

कौशांबी उज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली के एक दिन पहले डमी चेक देकर उन्हें लॉलीपॉप देने की कोशिश की गई है क्या डमी चेक से गरीबों के घर गैस सिलेंडर पहुंच सकेगा जबकि शुक्रवार को डमी चेक दिया गया शनिवार को छुट्टी है रविवार को दीपावली है आखिर यह कैसा भद्दा मजाक उज्वला योजना के लाभार्थियों के साथ किया गया है।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन ने मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी

**चिटफंड कंपनियों मे जमा धन वापस न मिलने पर जमा कताओं मे रोष**




**नेवादा कौशाम्बी।** पूरे भारत मे केन्द्र सरकार ने चिटफंड कंपनियों को पैसा जमा करने का लाइसेंस तो दे दिया लेकिन फिर वही केन्द्र सरकार ने लाइसेंस को रद्द कर दिया लेकिन केन्द्र सरकार ने तनिक भी नही सोंचा कि गरीब जनता का जो इस चिटफंड कंपनियों ने धन जमा कराया है उनका धन को कौन वापस करेगा सरकार या फिर चिटफंड कंपनियों के भ्रष्ट चीफ मैनेजमेंट डायरेक्टर या फिर उनसे लगे हूए अधिकारी ना जाने कितने एजेंट व निवेशक आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके है उनका परिवार आज दर दर भटकता फिर रहा है कि पैसा मिलेगा तो हम अपने बेटी अथवा बेटा की शादी करेंगे चायल तहसील के ईदगाह के पास कर्बला पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल आजाद के आदेशानुसार कौशाम्बी जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय जिला उपध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह व कौशाम्बी जिला सचिव डा. गनेश प्रसाद के अध्यक्षता मे चायल तहसील अध्यक्ष चन्द्रशेखर विश्वकर्मा व संगठन मंत्री रामबाबू केशरवानी के व्यवस्था मे प्रत्येक कंपनी के एजेंट व निवेशकों को सूचित कर एकत्रित किया गया और निवेशकों और एजेंटों ने कड़े शब्दो मे केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार ने जैसे चिटफंड कंपनियों को बन्द कर जनाता को गुमराह करने का काम किया है ठीक वैसे ही निवेशक व एजेंट आने वाले 2024 के चुनाव मे चिटफंड कंपनियों मे जमा धन वापस न मिलने पर सरकार को उखाड़ कर फेंकने का काम करेंगे आने वाले समय मे निवेशक जनता सरकार को अपना जलवा दिखाकर रहेगी और पहले भुगतान फिर मतदान के नारे लगाते हुये सरकार को सबक सिखायेंगे जिसमे नरेन्द्र गौतम महेश कुमार इमरान अंसारी रामप्रकाश पाल मिलन चौरसिया गनेश प्रसाद केशरवानी लाल बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

## सावधान ! टीलो में बने सुरंग के अंदर से पुताई के लिए ना निकालें मिट्टी, हर वर्ष जाती है कई जानें

**दीपावली के तैयारी में ग्रामीण मिट्टी निकाल कच्चे घरों की करते है पुताई**

गणेश साहू



**कौशाम्बी।** दीपावली पर्व आते ही गांवों में कच्चे घरो की पुताई के लिये भारी संख्या में ग्रामीण आसपास के मिट्टी की टीलों के नीचे अन्दर से मिट्टी निकालते हैं जिससे खोहनुमा व सुरंग बना जाता है उसी के अन्दर घुस कर मिट्टी खोदकर निकालते वक्त प्रायः टीले ढ़ह जाते है और इसमें दबकर कई लोगो की मौत हो जाती है और कई लोग घायल हो जाते है जिससे त्योहार बदरंग हो जाता है। इस वर्ष की दीपावली तिथि आने में कुछ दिन ही बाकी है ग्रामीण कच्चे घरो की लिपाई पोताई के लिये मिट्टी की टीलों से मिट्टी की खुदायी कर पुताई शुरू कर दिये है इस पर्व की तैयारियों में घरों की साफ सफाई का विशेष महत्व होता है। जिससे सावधानियां बरतनी जरूरी है इस पर्व की तैयारियों में घरो की साफ टीलो में बने खोह व सुरंग बन जाने पर घुसकर मिट्टी कतई ना निकाले और बच्चे व महिलायें अकेले ना जाय अधिकतर हादसों में बच्चे व महिलाएं ही शिकार होती है। घर के बड़े लोगों के साथ जाये याद रहे कि क्षेत्रों में हर वर्ष ऐसे हादसे होते रहे है। लापरवाही जान पर भारी पड़ जाती है ऐसे होने वाले हादसों में कई घरो के चिराग बुझ गये है।

### बीते पांच वर्ष में हो चुकी हैं कई लोगो की मौतें

**कौशाम्बी।** क्षेत्र में दीपावली पर्व के नजदीकी दिनो में पिछले पांच वर्ष के अन्दर मिट्टी की टीलो से मिट्टी खुदायी करते हुये हादसों में कई जाने जा चुकी है नगर पंचायत अझुवा के वार्ड 5 में चार वर्ष पहले मिट्टी खोदते समय 2 लड़कियों की मौत हुई थी, इसी तरह महेवाघाट थाना क्षेत्र के निगहा गांव में एक महीना पहले एक वृद्ध महिला की दबकर मौत हो गई थी। कोखराज थाना क्षेत्र और संदीपन घाट थाना क्षेत्र में भी मिट्टी का ढीला ढह जाने से कई लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी सुरंग में घुसकर मिट्टी खोदने की प्रथा पर रोक नहीं लग रही है।

## अष्टम आयुर्वेद दिवस पर भगवान धनवन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने अष्टम आयुर्वेद दिवस पर विकास भवन स्थित सरस हॉल मे आयोजित कार्यक्रम में भगवान धनवन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा विकास भवन परिसर में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। इसकी थीम ह्लहर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद हैह्व। मानवता के हित में एलोपैथ के साथ आयुर्वेद को भी अपनाने की आवश्यकता है। लोगों को आयुर्वेद में रूचि लेते हुए विभिन्न माध्यमों से आयुर्वेद की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पश्चिम शरीरा ने कहा कि समुद्र मंथन के समय भगवान धनवन्तरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए, तभी से धनवन्तरि जयंती मनायी जा रही है। आयुर्वेद प्राचीनतम चिकित्सा पद्यति है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अक्षय लाल ने कहा कि मधुमेह दुनियॉ में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ रहीं बीमारियों में से एक है। आयुर्वेद अपनाकर हम स्वस्थ्य दीघार्यु प्राप्त कर सकतें हैं।इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथिक और यूनानी तीनों विधाओं के चिकित्सकों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श तथा औषधियॉ वितरित की कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### चरवा के मदूकी गांव के ऐतिहासिक दंगल में हरेन्द्र रहे चैम्पियन



**कौशाम्बी।** चरवा के मदूकी गांव के ऐतिहासिक इनामी दंगल का आयोजन धनतेरस पर किया गया। दूर दराज के पहलवानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दर्जनों पहलवानों ने अपनी – अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया। मुकेश झूंसी,गोलू मथुरा के बीच 5100 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें मुकेश विजयी हुए । मनराज काजू व विकास पंजाब के बीच 2100 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें मनराज विजयी हुए, नवनीत सैय्यद सरावां व विजय फतेहपुर के बीच 1800 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें नवनीत विजयी हुए, वैशाली दिल्ली,पूनम कानपुर के बीच 1600 सौ रूपए में कुश्ती हुई जिसमें वैशाली विजयी हुई । प्रथम चैम्पियन हारेन्द्र झूंसी ने गोलू मथुरा को पटकनी लगाते हुए शील्ड अपने नाम किया। द्वितीय चैम्पियन राजेश टेंवा ने तूफानी फाफामऊ को पटकनी लगाते हुए शील्ड अपने नाम किया। तृतीय चैंपियन लक्कड़ झूंसी ने जितेन्द्र दिल्ली को पटकनी लगाते हुए शील्ड अपने नाम किया। दंगल में उपस्थित – प्रमोद कुमार यादव,नगर पंचायत अध्यक्ष चरवा जगनारायन पासी, अशोक कुमार यादव, रामशरन निर्मल,उत्तम सिंह यादव,अंगद सिंह, लल्ला सिंह यादव, ताराचंद, उमाशंकर यादव ,निर्णायक के रूप में दिलीप कुमार पाण्डेय व उमाशंकर पहलवान रहे।

### रंगोली प्रतियोगिता मे छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**कौशाम्बी** मंझनपुर विकास खंड स्थित वी.आर.एस कांवेंट बैशकांटी द्वारा धनतेरस के पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता मे बच्चो ने प्रतिभाग किया और विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया जिसमे छात्र /छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रंगों से सजाकर रंगोली तैयार की और बच्चों ने रंगोली बनाकर धनतेरस व दीपावली पर्व को मनाया बच्चो ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दीं साथ ही उनके जीवन मे दीपावली खुशियाँ लेकर आए इसकी शुभकामनाए दी और इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अंकुर सिंह ने सभी बच्चों तथा सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को दीपावली व धनतेरस पर्व की शुभकामनायें दिया और इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कंचन सिंह आकाश सिंह आदित्य श्रीवास्तव आदर्श सोनी महक अग्रहरी वैष्णवी अग्रहरी शीलू विश्वकर्मा रिया केशरवानी मुस्कान मैम श्रेया मिश्रा मोहिनी खुशी केशरवानी मोहिनी त्रिपाठी गंभीर यादव विमल सिंह राजकुमार पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान समेत तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढा गांव के पूर्व प्रधान आबिद मंजूर पुत्र मंजुरूल हसन वा शाहिद अस्करी उर्फ रियाज अस्करी उत्तर मंजूरुल हसन पुत्र मंजुरूल हसन यासिर मंजूर पुत्र आबिद मंजूर सहित तीन लोगों के विरुद्ध अदालत में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश थाना पुलिस को दिया है पूर्व प्रधान और उनके साथियों पर धोखाधड़ी फ्रॉड हेरा फेरी का आरोप है शमीम अहमद आराजी संख्या 213 वा 252 के मालिक है उक्त भूमि अभिलेख में भी दर्ज है लेकिन जबरिया पूर्व प्रधान उनके साथी भूमि पर कब्जा कर रहे हैं शिकायतकर्ता गुलशन के बिरुद्ध आरोपियों ने मुकदमा दर्ज कराया था जो जांच के दौरान झूठा पाया गया है अदालत ने पूर्व प्रधान समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का निर्देश थाना पुलिस को दिया है जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## तेज रफ्तार स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस ट्रेन का इंजन हुआ फेल



**कौशाम्बी।** जिले में तेज रफ्तार ट्रेन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के इंजन में अचानक तकनीकी खराबी हो गई,जिसके चलते ट्रेन चालक ने ट्रेन को बिदनपुर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया और उच्च अधिकारियों को सूचना दी,लगभग एक घंटे बाद दूसरा इंजन प्रयागराज से आया,जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। जयनगर से नई दिल्ली जाने वाली 12561 अप स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रैस ट्रेन जैसे ही प्रयागराज से सुबह लगभग 8.15 बजे निकली तो ट्रेन चालक को कुछ देर चलने के बाद इंजन में कुछ खराबी नजर आई, जिसके बाद भरवारी रेलवे स्टेशन पार करने के बाद इंजन में और अधिक खराबी की जानकारी होने पर चालक ने ट्रेन को 8.45 बजे बिदनपुर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया और अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी सूचना के लगभग एक घंटा बाद दूसरा इंजन प्रयागराज से आया और फिर दूसरे इंजन को जोड़कर ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया।इस दौरान लगभग एक घंटे तक ट्रेन बिदनपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही जिससे यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पर्व




**जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए जिससे बच्चों का उज्जवल भविष्य बने और वह देश समाज और परिवार का नाम रोशन कर सके**

**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दीपावली के पर्व के पूर्व गुरुवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया है वाद विवाद निबंध बाल विज्ञान डिबेट आदि विषय पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा दीपावली के पर्व के पूर्व बनाई गई रंगोली प्रतियोगिता की लोगों ने प्रशंसा की साथ ही साथ सामाजिक उद्देश्य पूर्ण कार्यक्रम में नृत्य एकांकी भजन स्तुति कबीर एवं रहीम के दोहे बड़े मनोहर दृश्य में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसकी लोगों द्वारा प्रशंसा की गई कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक बड़े लाल केशरवानी और उनकी पत्नी मंजू देवी ने दीप प्रज्वलित कर गणेश आरती से शुरू किया इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने भी दीपावली पर्व के बारे में छात्र-छात्राओं को बताते हुए उनका हौसला अफजाई किया गया है प्रबंधक की पत्नी मंजू देवी ने जिला पंचायत अध्यक्ष का पुष्प हार से जोरदार तरीके से स्वागत किया स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम को देखकर जिला पंचायत अध्यक्ष भाव विभोर हुई और उन्होंने खुले मन से स्कूल के बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की इस मौके पर उपस्थित अभिभावकों से उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए जिससे बच्चों का उज्जवल भविष्य बने और वह देश समाज और परिवार का नाम रोशन कर सके कार्यक्रम का संचालक शिवलाल केशकर ने किया कार्यक्रम में दीपक शुक्ला रामबाबू केसरवानी प्रवक्ता साधुराम पाठक राजेश शुक्ला डॉ विवेक केसरवानी डॉक्टर शिवांगी केसरवानी डॉ वैभव केसरवानी प्रगति केसरवानी के साथ-साथ शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक और क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# समग्र विकास का अभियान

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का अभियान चला रहे हैं। उनके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि कायम हुई है। योगी आदित्यनाथ पूरे प्रदेश का भ्रमण भी करते हैं। चालू परियोजनाओं की समीक्षा करते हैं। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करते हैं। नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करते हैं। उनकी यात्राओं में यह एजेंडा प्रमुख होता है। कार्यक्रमों में सनातन चिंतन के प्रति उनकी आस्था की भी अभिव्यक्त होती है। उन्होंने काशी में कहा कि सनातन धर्म कृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला धर्म है। किसी के उत्तम कार्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला महान धर्म सनातन धर्म है। सनातन धर्म हमें हमेशा अपने पूर्वजों, अपनी परम्परा और समाज के लिए योगदान देने वाले महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। सनातन धर्म की परम्परा में अन्नदान के अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं। अन्नदान की महत्ता को एक भारतीय से ज्यादा और कोई नहीं समझ सकता।

योगी आदित्यनाथ ने पूज्य भाईजी अन्न क्षेत्र का औपचारिक उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालय में अन्न क्षेत्र का शुभारम्भ होना एक सुखद अनुभूति करने वाला क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगजन और समाज को एक नई दृष्टि दी है। आज केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम व अभियान चलाए जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था एवं दीपावली के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की है। उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन को आगामी त्योहारों व मांगलिक कार्यक्रमों के दौरान बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

वो जनपद मीरजापुर में दो सौ करोड़ करोड़ रुपये से अधिक और प्रयागराज में करीब सवा तीन हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर चुके हैं। अमेठी के त्रिशुंडी औद्योगिक क्षेत्र में एसएलएमजी बेवरेजेज के बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन कर चुके हैं। यह बॉटलिंग प्लांट प्रदेश सरकार की इन्वेस्टमेंट पॉलिसी का हिस्सा है। विंध्यवासिनी धाम में भव्य विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कह चुके हैं कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही जनपद अमेठी के लिए दो हजार करोड़ रुपये के नये निवेश के प्रस्ताव लेकर आने वाली है। महत्वपूर्ण यह भी है कि कानपुर से झांसी के मध्य अड़तीस हजार एकड़ भूमि पर एक नये औद्योगिक शहर को बसाने की हलचल तेज हो चुकी है। अब तक पैंतीस हजार एकड़ भूमि अर्जित की जा चुकी है। झांसी-बुन्देलखंड औद्योगिक विकास क्षेत्र के प्रथम फेज में अड़तीस हजार एकड़ भूमि में विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया है। करीब डेढ़ वर्ष बाद प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होगा। महाकुंभ की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में तैंतीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर चुके हैं। सोनभद्र और मीरजापुर में अनुसूचित जाति जनजाति से जुड़े लोगों को जमीन के पट्टे युद्धस्तर पर दिए जा रहे हैं। जनपद प्रयागराज और चित्रकूट में कोल जनजाति से जुड़े लोगों को आवास उपलब्ध कराए जा चुके हैं। शेष बचे लोग, जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं, सरकार ने उनके लिए आवास के लिए धनराशि की व्यवस्था की है। सरकार के गठन के बाद तीस लाख फर्जी राशन कार्ड पकड़े गए। पिछली सरकारों ने इन गरीबों को राशन से भी वंचित करके रखा था। वर्तमान सरकार वंचितों के जीवनस्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। गरीबों तक शत-प्रतिशत लाभ पहुंचना शुरू हो चुका है।

## लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में

**पिछले** साल राहुल गांधी ने लंदन में जब कहा कि भाजपा ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन छिड़क दिया है, तो भाजपा के प्रवक्ता ने तत्काल 1984 के सिख विरोधी दंगों का हवाला देते हुए कांग्रेस को ही घासलेट डालने वाली पार्टी बताने की कोशिश की थी। लेकिन अब अपने ही एक नेता के नफरत भरे बयान की आंच में भाजपा खुद झुलसती नजर आ रही है। दरअसल राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बाबा बालकनाथ के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में पार्टी के नेता संदीप दायमा- जो खुद पिछले चुनाव में इसी क्षेत्र से प्रत्याशी थे, ने कहा, कि 'कुछ लोग हमें धर्म और जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं, हमें बहुत समझदार होने की जरूरत है। जिस तरह से मस्जिद और गुरुद्वारे बनाए गए और छोड़ दिए गए, वे आगे चलकर नासूर बन जाएंगे। इसलिए हमारा धर्म है कि नासूर को यहां से उखाड़ फेंकना चाहिए। अलवर के सांसद बाबा बालकनाथ अब इस काम को पूरा करेंगे'। इस बयान पर हंगामा तो होना ही था। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने तो अपना रोष जताया ही, शिरोमणि अकाली दल ने भी भाजपा का विरोध किया। और तो और, भाजपा के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने संदीप के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर दी। हालांकि दायमा ने इस बीच अपने बयान पर माफी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया और सफाई दी कि वे अपने भाषण में दरअसल मस्जिद-मदरसे का जिक्र करना चाहते थे, लेकिन उनके मुंह से मदरसे की जगह गुरुद्वारे निकल गया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुझसे यह गलती कैसे हो गई।

# वाकई जल्दी निपटें सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामले

**सांसदों** और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के हाई कोर्टों को आदेश दिया है कि वे जिला न्यायालयों में ऐसे लम्बित मामलों की नियमित निगरानी करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई निश्चित समयावधि सम्बन्धी निर्देश नहीं दिए जा सकते लेकिन उच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता दी जाये जिनमें उम्र कैद या फांसी की सजा का प्रावधान हो। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा अन्य सदस्य हैं। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ऐसे मामलों पर तेजी से सुनवाई के लिए विशेष बेंच भी बना सकते हैं।



जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वतः संज्ञान लेना होगा। अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित मुकदमों की प्रभावी निगरानी और निपटान हेतु कार्यवाही को तेज करें। इन प्रकरणों की सुनवाइयों को हाईकोर्टों को वेबसाइटों पर डालने का भी आदेश बेंच द्वारा दिया गया जिससे जनता को पता चलता रहे कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ किस प्रकार के मामले लम्बित हैं और उन पर कोर्ट की सुनवाई में क्या हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ के निदेशांनुसार ये विशेष पीठें जरूरत पड़ने पर मामलों को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती हैं। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों के जल्दी और प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश भी जारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि विशेष पीठ का नेतृत्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कर सकते हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि मौत की सजा या आजीवन कारावास वाले मामलों के बाद पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय उन मामलों की भी सूची तैयार करेंगे जिन प्रकरणों पर रोक लगा दी गई है और ऐसे मुकदमों में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश दिया गया जिसमें मांग की गई थी कि देश भर की अदालतें वर्तमान और पूर्व सांसदों-विधायकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। इसकी सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे देश में वर्तमान व पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5175 प्रकरण लम्बित हैं। 2116 (करीब 40 फीसदी) मामले तो 5 साल से अधिक समय से लम्बित हैं। सर्वाधिक 1377 मामले उत्तर प्रदेश में हैं। दूसरे क्रमांक पर बिहार है। यहां 546 प्रकरण हैं। महाराष्ट्र में ऐसे 482 मामले लम्बित हैं। उल्लेखनीय है कि 2014 में भी एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रकरणों का निपटारा आरोप तय होने के एक वर्ष के भीतर निपटा दिया जाना चाहिए। यहां यह भी स्मरणीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश का नेतृत्व सम्भाला था, तब उन्होंने भी ऐसा ही कुछ मंतव्य जाहिर किया था जिससे लोकतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में आस्था रखने वाले लोगों को यह उम्मीद बंध चली थी कि अब अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले लोग बेधड़क संसद के सदनों और विधानसभा-विधान मंडलों में नहीं पहुंच पाएंगे। चूंकि मोदी उस भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बात करती थी, उसी के बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि बनकर इन सदनों में न केवल प्रवेश पा रहे हैं बल्कि बड़े ओहदों पर भी काबिज हो रहे हैं तथा पार्टी में भरपूर सम्मान पा रहे हैं। बहुत से लम्बित मामले ऐसे हैं जिनमें भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता है। वैसे यह भी सच है कि सिर्फ भाजपा के लोगों के खिलाफ गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध जर्ज नहीं हैं बल्कि लगभग सारे ही राजनैतिक दलों का यही हाल है। कुछ अरसा पहले एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने बताया था कि आपराधिक रेकार्ड के लोग हर दल से शर्तिया जीतते हैं। इस कारण वे सभी दलों की पहली पसंद होते हैं। इसीलिये बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विधायिकाओं में पहुंचते हैं और अपने पद, प्रभाव तथा पैसों के बल पर अपने खिलाफ जारी जांच व मुकदमों को या तो रुकवा देते हैं या उनकी गति को धीमा करवा देते हैं। इन प्रकरणों के बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं और कार्यकाल पूरा कर लेते हैं।

तमाम निराशाजनक तस्वीर के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला और हाई कोर्टों को दिया निर्देश आशा की किरण के रूप में देखा जा सकता है बशर्ते कि उच्च न्यायालय बगैर दबाव व प्रभाव में आये तथा भारी-भरकम फीस लेकर मामले लड़ने वाले उनके हाई प्रोफाईल वकीलों के दांव-पेंचों से निकलकर वाकई कथित बड़े लोगों के प्रकरणों को शीघ्रताशीघ्र निपटाये और देशवासियों को एक साफ-सुथरी लोकतांत्रिक व्यवस्था देंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों को इसका भी रास्ता निकालना होगा कि वह कैसे सत्ताधारी दलों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अपने सांसदों, विधायकों, मत्रियों आदि के खिलाफ थानों में दर्ज व न्यायालयों में लम्बित मामलों को ही समाप्त कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ही 2022 में सभी राज्यों को सांसदों-विधायकों के खिलाफ लम्बित प्रकरणों की सुनवाई के लिये विशेष कोर्ट बनाने के लिये कहा था पर केवल 12 राज्यों ने ही उसका पालन किया है।

# नरक से मुक्ति का मार्ग दीपदान

**योगेश कुमार गोयल**

**भारत** में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, उसकी श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है नरक चतुर्दशी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व नरक चतुर्दशी के नाम में नरक शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीपावली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 11 नवंबर को मनाया जाएगा या 12 नवंबर को। दरअसल कई स्थानों पर यह पर्व इस बार दीपावली के साथ 12 नवंबर को ही मनाए जाने का उल्लेख है लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि इस बार 11 नवंबर 2023 को दोपहर 1 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 12 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 44 मिनट पर इसका समापन होगा। ऐसे में यह पर्व 11 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन



सायं 5 बजकर 29 मिनट से लेकर 8 बजकर 7 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। इस पर्व को नरक चौदस, रूप चतुर्दशी, काल चतुर्दशी तथा छोटी दीवाली के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।

यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा नरकासुर नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी।

उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था।

उसने 16,000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16,000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण और पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया।

माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीपावली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं।

इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

# विधानसभा चुनाव और ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की चर्चा

**डॉ. लखन चौधरी**

**छत्तीसगढ़ में** भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर अपने चरम पर है। इस बीच महादेव सट्टा ऐप की चर्चा इन दिनों सुर्खियों पर है। इस सट्टा ऐप ने छत्तीसगढ़ के सियासी घमासान को राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी विमर्श के केन्द्र में खड़ा कर दिया है। इसी सट्टा ऐप के संचालकों में से एक की शादी समारोह में शिरकत को लेकर बॉलीवुड के कई नामी-गिरामी चेहरों तक को ईडी का समन जारी हो चुका है। भाजपा तो खुलकर कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि इसके जाल में प्रदेश कांग्रेस और उसके नेतृत्वकर्ता बुरी तरह फंसी हुई है। इसमें कथित संलिप्तता को लेकर छत्तीसगढ़ में कई लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी हकीकत क्या है? किसी को समझ नहीं आ रहा है। मगर दिलचस्प यह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सट्टा ऐप की चचाएं गांव-गांव तक जा पहुंची है। भ्रष्टाचार के कई कथित कई आरोपों के बीच कांग्रेस जिस तरह से भाजपा के साथ मुकाबला कर रही है, यह दिलचस्प है। महादेव सट्टा ऐप के संचालकों द्वारा भूपेश बघेल को कथित तौर पर 508 करोड़ रुपए देने के भुगतान की बात या आरोप में कितना दम है, यह कहना बेहद कठिन है। क्या यह मसला राज्य की चुनावी बिसात की फिजा बदल सकती है? बड़ा सवाल, जो हजम नहीं हो रहा है कि क्या भूपेश बघेल इतने अपरिपक्वखिलाड़ी हैं जो महादेव सट्टा



ऐप संचालकों से सीधे तौर पर पैसा ले सकते हैं? क्या ऐप के संचालक या मालिक इसके पक्के सबूत ईडी को दे सकते हैं? यदि ईडी के पास ठोस सबूत है तो फिर ईडी इसे जांच का विषय क्यों बता रही है? क्या ईडी की जांच से सियासत प्रभावित होगी? क्या ईडी की कार्रवाई छत्तीसगढ़ के आम जनमानस की राजनीतिक सोच में बदलाव ला सकती है? छत्तीसगढ़ के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों भारी उठापटक और अफरा-तफरी का माहौल है। इधर केन्द्र सरकार ने ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव बेटिंग सट्टा ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सवाल यह भी उठता है कि 28 फीसदी जीएसटी की आड़ में इस तरह के कारोबारों को अनुमति देना कितना उचित है?

सरकार इस तरह के कार्यों को अनुमति ही क्यों देती है? इस तरह के धंधों पर प्रतिबंध लगाने में इतनी देरी क्यों की जाती है? इनके संचालक बेखौफ किस तरह दुनिया के दूसरे देशों से कारोबार चलाते हैं? और सरकारें इनका बाल भी बांका क्यों नहीं कर पाते हैं? इनके संचालकों को सरकार गिरफ्तार करके तत्काल भारत क्यों नहीं लाती है? इस सट्टा ऐप के कुछेक संचालकों की भाजपा नेताओं के साथ साठगांठ की भी खबरें हैं। कई जानकारों का कहना है कि इससे भाजपा को फायदा के बजाय नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि भूपेश बघेल ने इसे अपनी छवि खराब के मुद्दे से जोड़कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हिन्दुत्ववादी संगठनों से जुड़े कई लोगों का मानना है कि उनके आराध्य महादेव से जोड़कर जिस तरह से गोरखधंधे का खेल चल रहा है, इसके बावजूद केन्द्र सरकार इनके संचालकों पर कार्रवाई करने में विलंब क्यों कर रही है? भाजपा सहित बहुत से सियासी जानकारों का मत है कि पिछली बार इसी तरह भूपेश बघेल को घेरने के लिए सीडी कांड जैसे मुद्दे को तूल दिया गया था, लेकिन उसका हश्र क्या हुआ? कहीं इस बार भी मामला उल्टा न पड़ जाए? लिहाजा राज्य के नेता इस मसले पर कम ही बोलते दिखते हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे।

## घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक प्रयोग पर होगी कार्यवाही: डीएसओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आंनद के निर्देश पर डीएसओ आंनद कुमार सिंह ने पूर्ति निरीक्षक एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी देवनाथ के साथ कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक प्रयोग को रोकने को छापेमारी की।

शुक्रवार को डीएसओ ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि कोई भी विक्रेता घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग व्यवसायिक कार्य में करते पकडा गया तो उसके खिलाफ एफआईआर की जायेगी। गैस सिलेण्डर जब्त कर कडी कार्यवाही की जायेगी। ये अभियान जारी रहेगा।

## पर्वों पर सुरक्षा को हुई बडे पैमाने पर जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में दीपावली मेला क्षेत्र मे बडे पैमाने पर जांच हुई।

शुक्रवार को दीपावली मेला के मद्देनजर एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने धनतेरस पर्व में सुरक्षा के मद्देनजर काली देवी चैराहा, बस स्टैंड कर्वी, वीबाजार, रामघाट पर संदिग्धों व संदिग्ध वस्तुओं की बडे पैमाने पर जांच की। जांच दौरान पुलिस को फिलहाल कोई ऐसी वस्तु या लोग नहीं मिले। पुलिस मेला के मद्देनजर खासी चैकस व पैनी निगाह रखे है।

## डीएम-एसपी ने मेला क्षेत्र में लिया जायजा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने एडीएम वंदिता श्रीवास्तव व एएसपी/ नोडल अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में दीपावली अमावस्या मेला के मद्देनजर क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

शुक्रवार को डीएम-एसपी ने टीम के साथ रामसइया, खोया-पाया केन्द्र खोही, मेला क्षेत्र के विभिन्न पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जो भी कमियां मिलीं, उन्हे दुरुस्त करने के निर्देश दिये। साल के सबसे बडे दीपावली मेला को सम्पन्न कराने में अच्छे-अच्छों के पसीने छूट जाते हैं। ये मेला स्वतः में बडा मेला माना जाता है। लोग दीपावली मेले में दूर-दराज से यहां आते हैं। इस मेले में तकरीबन बीस लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने के आसार हैं। पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले में भारी भीड जुटती है। रेलवे प्रशासन ने भी मेला के मद्देनजर अतिरिक्त टेज्नें चलवाई हैं। मेला स्पेशल झांसी से चित्रकूट के बीच पांच दिनों तक चलेगी। कानपुर से चित्रकूट के बीच भी अतिरिक्त मेला स्पेशल टेज्न चलेगी।

इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी आदि अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## धन्वंतरि जयंती पर होम्योपैथिक चिकित्सकों ने लगाये शिविर

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** धन्वंतरि जयंती आयुर्वेद दिवस में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों ने जिले में विभिन्न स्थानों पर गोष्ठी व शिविर लगाये।

शुक्रवार को प्रमुख सचिव आयुष विभाग उप्र व जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर आयुर्वेद प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमेशा जरूरी है थीम के साथ जीजीआईसी कर्वी परिसर में डा शैलेन्द्र सिंह, प्रभू सिंह, आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर में डा शकुन्तला पाण्डेय, डा कुसमेंद्र सिंह, प्रावि भगनपुर मे डा राजेश कुमार पांडेय, उप्रावि मुरका मे डा विपिन कुमार यादव, डा राजीव सिंह, कम्पोजिट वि पहाडी मे डा सौम्या शुक्ला व कौशल मिशन केंद्र कर्वी में डा करिश्मा कौशल ने आयुष चिकित्सा शिविर लगाये।

शिविर में विद्यालय के शिक्षक, छात्र व आमजनता का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क होम्योपैथिक औषधि बांटी गई। विभिन्न प्रकार के रोगों में आयुष विधा से होने वाले लाभ को उठाने के प्रति जागरूक किया। संतुलित जीवन शैली, उचित खान-पान एवं व्यायाम की सलाह दी। आस-पास उपलब्ध औषधीय पौधों के उपयोग व महत्व के बारे में जानकारी दी।

## दस लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय ने दीवान अरविन्द सोनी, सिपाही दिनेश यादव, महिला सिपाही रचना प्रतापति के साथ शंकरदयाल पुत्र बच्चीलाल नाई निवासी औदहा को दस लीटर महुआ शराब समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन,शहर में निकाली गई रैली

**लखीमपुर खीरी-भारत सरकार** के आयुष मंत्रालय के आदेशानुसार आयुर्वेद दिवस 2023 की थीम आयुर्वेदा फॉर वन हेल्थ की टैग लाइन हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद के रूप में 10 नवम्बर को भगवान धन्वंतरि जयंती एवं धनतेरस के शुभ दिन पर आयुर्वेद दिवस वृहद चिकित्सा शिविर लगाकर मनाया जाएगा।जिले के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं उपस्थित में रन फॉर आयुर्वेद कार्यक्रम ऑफिसर कालोनी में आयोजित किया गया। जिसमें शहरवासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।रन फॉर आयुर्वेद में सभी ने जन जन को स्वस्थ बनाना है,आयुर्वेद अपनाना है जैसे नारे लगाते हुए एक साथ दौड़ लगाई।इसके साथ ही प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुनीन्द्र प्रताप ने सभी को 10 नवम्बर को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले वृहद आयुष चिकित्सा शिविर की जानकारी देते हुए मोटापा,मधुमेह,ब्लड प्रेशर,थायरॉइड एवं हृदय रोगों से बचाव हेतु आयुर्वेद की उपयोगिता के साथ अपनी दिनचर्या में आयुर्वेद को शामिल करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर डॉ.राजेन्द्र प्रसाद डॉ.लोकेंद्र सिंह योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा अमित कुमार, एवं सर्वेश गुप्ता प्रभात जायसवाल पवन अग्रवाल सहित शहर के तमाम नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

# जनकल्याण को डबल इंजन सरकार निभा रही वायदाः सांसद

## उज्जवला योजना का गरीबों को मिल रहा लाभ: अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली डबल खुशियों वाली प्रधानमंत्री उज्वला योजना में प्रदेश सरकार ने 2312 करोड़ के व्यय भार से देश के 1.75 करोड़ पात्रों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर बांटने का अभियान आज सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से किया। इसी क्रम में जिले में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, डीएसओ आनंद कुमार मिश्र की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में उज्जवला योजना के चेक बांटे गये।




शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने भव्य ढंग से दीपोत्सव मना रहे हैं। एक करोड़ 27 लाख 836 कनेक्शन धारकों के खाते में एक गैस सिलेंडर दीपावली व होली में फ्री देना तय किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि योजना का लाभ सबको मिल रहा है। एक समय था जब कूपन से गैस सिलेंडर मिलता था। प्रधानमंत्री ने मुफ्त गैस देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने घर-घर में ढेरों जनकल्याणकारी योजनायें चलाई हैं। सभी बहने कुरीतियों से दूर रहकर बचत कर आगे बढ़ सकती हैं। सूपा बजाकर दरिद्रता को दूर नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह को रोजगार से जोड़कर पैरों पर खड़ा होने को छोटे-छोटे उद्योग लगाने में सहयोग किया है। प्रधानमंत्री का मकसद है गरीबी हटाकर भारत को सोने की चिड़िया पहले की भांति बनायें। पं दीनदयाल की सोच व सपना था कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ मिले। किसानों को किसान सम्मान निधि समेत छह हजार रुपये देने का कार्य किया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उज्जवला योजना की शुरूवात की थी, तब अफवाह फैलाई गई कि इसकी वसूली होगी, जबकि ऐसा नहीं था। जिले में पहले उन गांवों को चुना गया, जहां जंगल की लड़कियां काटकर खाना बनता था। उज्ज्वला योजना का कनेक्शन सभी को फ्री दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार में डबल खुशियां देने का काम किया है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ प्रधानमंत्री चल रहे हैं। संचालन करते हुए पायनियर्स क्लब अध्यक्ष केशव शिवहरे ने लाभार्थियों को एक लीटर रियल जूस बांटा।

# साल के सबसे बडे दीपावली मेला सम्पन्न कराने को रखें चौकस नजर: डीएम

## मेला के रेलवे, बस स्टैण्ड, रामघाट, परिक्रमा मार्ग हैं मुख्य बिन्दुः एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में दीपावली मेला सकुशल सम्पन्न कराने बाबत जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट समेत पुलिस अधिकारियों व पुलिस फोर्स के साथ ब्रीफिंग हुई।





शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली मेला बड़ा पर्व है। लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं के आने के आसार हैं। सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी श्रद्धालुओं से विनम्रता से बर्ताव कर, जो नियम हैं, उसे बतायें। वह मानेंगे, तीर्थ क्षेत्र से सुखद अनुभूति लेकर जायें। यही सबका दायित्व है। किसी भी अफवाह से बचना है। जिस तरह से परिक्रमा चल रही है, उसी तरह से चलने दें। अपर उप जिलाधिकारी कर्वी को मेला प्रभारी बनाया गया है, कोई समस्या हो तो उच्चाधिकारियों को बतायें। डीएसओ से कहा कि परिक्रमा मार्ग में किसी भी दुकान में गैस सिलेंडर नहीं रहना चाहिए। रामघाट पर नाव व नहाने की व्यवस्था है। बैरिकेडिंग से अंदर कोई नहीं जाएगा, वाचर की भी ड्यूटी लगाई गई है। रामघाट में भीड़ अधिक होने पर संबंधित मजिस्ट्रेट-पुलिस अधिकारी विशेष ध्यान दें। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में भीड़ बढ़ती है तो सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि पार्किंग में लाइट जनरेटर की व्यवस्था करायें। भीड़ वाले क्षेत्रों में आतिशबाजी नहीं होनी चाहिए। डीपीआरओ व ईओ को निर्देश दिए कि मेले में छुट्टा पशु न घूमने पायें। पूर्व में भी मेला ड्यूटी करने वालों को अनुभव है। एआरटीओ व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमा क्षेत्र में चेक पोस्ट लगाकर ट्रैक्टर ट्राली से कोई भी श्रद्धालु न आने पाए। मेला क्षेत्र को नौ जोन व 23 सेक्टर में बांटा है। आप लोग ड्यूटी तभी छोड़ें, जब प्रतिस्थानी आ जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों से कहा कि दीपावली मेला में काफी भीड़ आने की संभावना है। ये मेला दस से 15 नवंबर तक चलेगा। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रामघाट, परिक्रमा मार्ग मुख्य मेला क्षेत्र के बिंदु हैं, विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ट्रैक्टर ट्राली पर कोई यात्री न आने पाए। प्रयागराज, बांदा, कौशांबी से आने वाले वाहनों पर थानाध्यक्ष ध्यान दें, ताकि इस रूट से कोई भी ट्रैक्टर ट्राली से श्रद्धालु न आ सके। भीड़ बढने पर धीरे-धीरे कंट्रोल करें। भीड़ को एकत्र न होने दें। पुलिस फोर्स सीटी व अन्य यंत्रों को साथ लेकर ड्यूटी में रहे। परिक्रमा मार्ग में गैस सिलेंडर दुकानों पर प्रतिबंधित है। एडीएम श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि मेला को सकुशल संपन्न कराने को चार स्थानों पर कंट्रोल रूम बनाये हैं। 24 घंटे खोया पाया केंद्र रामघाट व खोही परिक्रमा मार्ग में हैं। कोई भी सूचना का आदान-प्रदान कर सकते हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बरहा हनुमान के पास खोही में सीसीटीवी कैमरा देखा। खोही चैराहा रामसैया में पार्किंग व रैन बसेरा भी देखा। ईओ को निर्देश दिये कि रामसैया के रैन बसेरा में मोबाइल टॉयलेट लगवाए। ब्रीफिंग में एएसपी बांदा लक्ष्मी निवास मिश्रा, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सभी उपजिलाधिकारी, जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# 63 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिलेगा गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान, 0 24, 25, 26 नवम्बर को चित्रकूट में होगा समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वप्रेरित रचनाधर्मी शिक्षकों के मैत्री समूह शैक्षिक संवाद मंच उप्र के ध्येय विद्यालय बने आनंदघर के तहत विद्यालयों को बच्चों एवं समुदाय से मिलकर आनन्दघर के रूप में बदलने की पहल की जा रही है। प्रदेश के 63 शिक्षक-शिक्षिकाओं को शैक्षिक संवाद मंच 24, 25, 26 नवम्बर को जिले में आयोजित शैक्षिक गोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह में गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।

ये जानकारी देते हुए शैक्षिक संवाद मंच संस्थापक प्रमोद दीक्षित मलय ने बताया कि विद्यालयों को आनंदघर बनाने को शैक्षिक संवाद मंच की स्थापना 18 नवम्बर 2012 को हुई थी। शिक्षक-शिक्षिकाओं को मंच उनके प्रयासों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित करता है। 2023 के गिजुभाई बधेका सम्मान को चयनित 63 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, मोती माला, शैक्षिक पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। अतिथियों में श्री कामदगिरि पीठाधीश्वर महंत मदन गोपाल दास महाराज, समाजसेवी गोपाल भाई, पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, भाषाविद कमलेश कमल, संपादक दिनेश कर्नाटक, शिक्षाविद बाबूलाल दीक्षित, जलज वर्मा एकलव्य, भोपाल, डॉ मनोज वार्ष्णेय, आसिया फारूकी, अभिषेक ओझा का सानिध्य मिलेगा। गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान को चयनित 63 शिक्षक-शिक्षिकाओं में दुर्गेश्वर राय, मिश्रा प्रिंस कुमार गोरखपुर, कमलेश कुमार पांडेय, डॉ अरविंद द्विवेदी, डॉ श्रवण कुमार गुप्ता, डॉ कुमुद सिंह, स्मृति दीक्षित, मधु सिंह, अनिल राजभर, सत्यप्रकाश पांडेय वाराणसी, रिम्पू सिंह, समरेंद्र बहादुर, संतोष कुमार कुशवाहा गाजीपुर, डॉ रचना सिंह, प्रीति भारती, विनीता पांडेय उन्नाव, विनीत कुमार मिश्रा कानपुर देहात, सुनीता वर्मा, अमिता सचान, कनक लखनऊ, आरती साहू बाराबंकी, कुहू बैनर्जी, अवनीश कुमार यादव खीरी, रश्मि मिश्रा, साधना मिश्रा, डॉ वंदना मिश्रा, राहुल मौर्य, सुरेश अकेला प्रतापगढ़, अनुराधा दोहरे, स्वीटी मथुरिया, जितेंद्र तिवारी, पूजा पुरवार, रामजी शर्मा इटावा, फरहत माबूद प्रयागराज, विवेक पाठक गोंडा, माधुरी त्रिपाठी, श्रुति त्रिपाठी बस्ती, प्रतिमा यादव, अभिषेक कुमार सिद्धार्थनगर, सीमा मिश्रा फतेहपुर, डॉ प्रज्ञा त्रिवेदी, रश्मि तिवारी, मीरा रविकुल, रामकिशोर पांडेय, बलरामदत्त गुप्ता, चंद्रशेखर सेन, प्रदीप बाथम, इंसाफ अली बांदा, आलोक श्रीवास्तव चित्रकूट, कुसुम कौशिक, हरियाली श्रीवास्तवा गौतमबुद्ध नगर, अपर्णा नायक महोबा, पूरन लाल चैधरी, विशाल गांधी बहराइच, मंजू वर्मा हरदोई, राजेन्द्र राव, आभा त्रिपाठी मऊ, मीनू पंवार अमरोहा, अजीत गुप्ता बलिया, डॉ. अलका गुप्ता कानपुर, अनुराधा गौतम, विनोद कुमार शाहजहांपुर, छत्तीसगढ़ से शिक्षक धमानंद गोजे शामिल हैं। शैक्षिक संवाद मंच ने सभी चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तीन स्थानों से 16 जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दीपावली पर्व के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में पुलिस ने छापेमारी कर तीन अलग-अलग स्थानों से 16 जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।



शुक्रवार को चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही शिवपूजन यादव, अतुल परिहार के साथ राजेश कुमार तिवारी पुत्र स्व ओमप्रकाश तिवारी, पत्ते यादव पुत्र बच्चा यादव निवासी रामघाट अहिरन टोला, छोटा राजपूत पुत्र बाबूलाल निवासी लोधन टिकुरा, चुन्नू तिवारी पुत्र स्व मोहन निवासी रौली कल्याणपुर को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से 12 हजार रुपये मालफड़, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 540 रुपये बरामद किये। कोतवाली कर्वी में जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम का मामला दर्ज किया। इसी क्रम में भरतकूप थाने के दरोगा कमलेश कुमार ने दीवान कल्लू खा, सिपाही अजीजुद्दीन, अंकित राजपूत के साथ बैहार गांव में मोहनलाल के घर के बगल खंडहर से विष्णु पुत्र राजबहादुर, गोरेलाल पुत्र रूगुवा, नाथू प्रसाद पुत्र सीताराम, बुद्ध पुत्र राम बिहारी, कमलेश पुत्र चंगू निवासी बैहार को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ 12 सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते व दो मोबाइल व जामा तलाशी में छह सौ रुपये बरामद किये। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम का मामला दर्ज किया।

मऊ थाने के दरोगा विनय विक्रम सिंह ने दीवान जुबैर, सिपाही रविन्द्र कुमार, राहुल पाण्डेय, दीपप्रताप, भरतलाल के साथ हटवा गांव में नत्थू कहार के बगीचे से बोड़ीलाल पुत्र छोटेलाल निवासी अहिरी, गोविन्द प्रसाद पुत्र शिवमोहन, मंदीप उर्फ गुल्ले पुत्र मंगल, रामकुशल पुत्र बोड़ी, मनीषचन्द्र पुत्र भोलानाथ, अशोक पुत्र छोटेलाल, दिनेश कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र बड़कू निवासी हटवा को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 32 सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में 23 सौ रुपये बरामद किये। सभी के खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम का मामला दर्ज किया है।

## अधिवक्ता संघ के आयोजन को विधायक ने सराहा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कर अधिवक्ता संघ ने वृंदावन गार्डन में दशहरा-दीपावली पर्व मनाया। बतौर मुख्य अतिथि मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी व जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर विजय सोनी, असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत अवस्थी, असिस्टेंट कमिश्नर अवनीश चैधरी व कोमल अग्रवाल मौजूद रहे।

शुक्रवार को जिला कर अधिवक्ता संघ ने अतिथियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। विधायक अविनाशचंद द्विवेदी ने जिला कर अधिवक्ता संघ के आयोजन की सराहना की। विजय सोनी ने जिला कर अधिवक्ता संघ के समय-समय पर किये ऐसे आयोजनों की तारीफ की। कहा कि बार-बेंच के आपसी तालमेल के लिए ये जरूरी है। जिला कर अधिवक्ता संघ के सीनियर अधिवक्ता संजय अग्रवाल, अध्यक्ष पीयूष गोयल, अनिल शुक्ला, कोषाध्यक्ष अभिनव केसरवानी ने विचार रखे। संघ के अधिवक्ता शुभम गुप्ता, शुभम केशरवानी, अजय द्विवेदी समेत अधिवक्ता साथी मौजूद रहे। संघ के सभी सदस्यों व राज्य कर कार्यालय के सभी कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिला कर अधिवक्ता संघ ने भव्य ढंग से फुलझडी जलाकर दीपावली पर्व मनाया।

## मारकुंडी पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा रमजानी खां की टीम ने पक्सो एक्ट के वारंटी चंद्रकमल पुत्र देशराज निवासी छेरिया खुर्द को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रमजानी खां, सिपाही मृत्युंजय पांडेय शामिल रहे।

## सीओ ने पैदल गशत कर जनता को दिया सुरक्षा का भरोसा



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में पर्वों के मद्देनजर शांति-सुरक्षा को चैकस रखने की गरज से थाना मऊ पुलिस ने पैदल गशत कर जनता से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर शांति-सुरक्षा को बनाये रखने को थाना/चैकी प्रभारियों ने क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गशत किया। थाना मऊ पुलिस ने सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने कस्बे में पैदल गशत कर दुकानदारों, व्यापारियों, नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गशत दौरान पुलिस टीमों ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। दो व चारपहिया वाहनों की जांच हुई। सीओ मऊ जयकरन सिंह ने बताया कि पैदल गशत से लोगों से संवाद किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत थाने में सूचना दें। गस्त दौरान पटाखा दुकानदारों को चिन्हित स्थानों पर दुकानें लगाने के निर्देश दिये। अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अपराधियों पर नकेल कसी जा रही है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने के बारे में थाना पुलिस को सूचित करें। गशत में थाना मऊ प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, क्राइम इंस्पेक्टर अभय राज प्रताप, उपनिरीक्षक कृपानंदन शर्मा, उपनिरीक्षक इंद्रजीत गौतम समेत पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## तीन महिलाओं समेत पांच चोर गिरफ्तार,काफी सामान बरामद

**लखीमपुर खीरी-थाना सिंगाही** पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन महिलाओं सहित पांच शातिर चोरों को चोरी के सामान व एक कार के साथ गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सीओ निघासन के कुशल मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष सिंगाही जितेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सिंगाही पुलिस द्वारा मुअसं. 234/2023 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित तीन महिलाओं समेत पांच शातिर इमरान पुत्र स्व. जहीर उर्फ जहरी सामीन पुत्र आमीन अफसरजहाँ पत्नी आफाक सर्वनिवासी मोहल्ला छावनी कस्बा व थाना लहरपुर जनपद सीतापुर तथा माविया पत्नी इमरान निवासी रिहाना पत्नी कल्लू निवासी ग्राम दन्नापुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को अभियोग से सम्बन्धित चोरी के माल तथा अन्य थानों जनपद से चोरी किये गये माल अन्तर्गत धारा 411/414 भादवि. व घटना में प्रयुक्त एक कार मारूति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर के साथ कालेशरण तिराहे के पास बृहद ग्राम हरद्वाही थाना सिंगाही से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा चोर चोरनियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये उनका चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# अब इजरायल में माता-पिता बेटे के स्पर्म रख सकेंगे

**यरुशलम**

**यादें** ही नहीं जीती-जागती निशानियां भी आंखों के सामने रहें, इसके लिए इजरायल सरकार ने स्पर्म सुरक्षित किए जाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया है। हमास के साथ चल रहे युद्ध में मारे गए सैनिकों के माता-पिता अब आसानी से अपने बलिदानी बेटे के स्पर्म को सुरक्षित रख पाएंगे। यह प्रक्रिया बलिदानी सैनिक को दफनाने से पूर्व पूरी की जाएगी और स्पर्म को शीतगृह में सुरक्षित रख दिया जाएगा। बाद में गभार्धान की प्रक्रिया से उक्त स्पर्म से भ्रूण विकसित किया जाएगा। इजरायल में अभी पोस्थूमस स्पर्म रिट्राइवल (पीएसआर) प्रक्रिया के तहत विधवा महिला अपने दिवंगत पति के स्पर्म को सुरक्षित कर सकती है। इसके लिए उसे किसी भी कानूनी प्रक्रिया में जाने की जरूरत नहीं होती है। परिवार के आगे बढ़ने का सिलसिला खत्म होने की आशंका मगर, अब माता-पिता को भी अपने बेटे के स्पर्म को सुरक्षित करने का अधिकार दिया गया है। ऐसा



इसलिए किया गया है क्योंकि कई बलिदानी सैनिक अविवाहित हैं और उनके दुनिया से जाने के बाद परिवार के आगे बढ़ने का सिलसिला खत्म हो जाने की आशंका है।

**यहूदियों की संख्या कम न होने देने की चुनौती**

कम आबादी वाले इजरायल में यहूदियों की संख्या को और कम न होने की चुनौती भी है, इसलिए कई औपचारिकताओं को खत्म कर इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। इजरायल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्थायी तौर पर इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया है और माता-पिता को अधिकार संपन्न बनाया है।

**1400 इजरायलियों की मौत**

वहीं, इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद गाजा में एक महीने से ज्यादा समय से लड़ाई जारी है, इसमें लगभग 1400 से अधिक लोग मारे गए। इनमें अधिकतर आम नागरिक शामिल हैं।

**फलस्तीन में 10,569 लोग मारे गए**

जबकि, फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा में, हमास को नष्ट करने के लिए इजरायल के जवाबी सैन्य अभियान में 10,569 लोग मारे गए हैं, जान गंवानों वालों में ज्यादातर आग नागरिक और बच्चे शामिल हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले में सुनवाई एक बार फिर टली

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले में किसी सुनवाई बिना आगे की कार्यवाही को 14 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन की अध्यक्षता वाली विशेष अदालत ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुकदमे की सुनवाई की। इमरान खान 26 सितंबर से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें जिला जेल अटक से यहां स्थानांतरित किया गया था। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा, "अदियाला जेल में सिफर मामले की सुनवाई बिना किसी कार्यवाही के मंगलवार 14 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।" पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में देश के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) का खुलासा करने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद 71 वर्षीय खान को इस साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था।



खान के खिलाफ मुकदमा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत चलाया जा रहा है और अदालत ने आखिरी सुनवाई के दिन 7 नवंबर को गवाहों के बयान दर्ज किए। यह स्पष्ट नहीं है कि 10 में से कितने गवाहों ने अपना बयान दर्ज कराया है। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके करीबी सहयोगी पूर्व विदेश मंत्री 67 वर्षीय शाह महमूद कुरैशी को 23 अक्टूबर को एक राजनयिक केबल को लीक करने और देश के गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन करने के लिए दोषी ठहराया गया था।

संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने मार्च 2022 में देश के वाशिंगटन दूतावास द्वारा भेजे गए दस्तावेज के मामले में सह-आरोपी खान और कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया। 31 अक्टूबर को विशेष अदालत ने 10 गवाहों में से किसी के भी बयान दर्ज किए बिना सिफर मामले की सुनवाई 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान ने अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, लेकिन उनपर एक कथा बनाने के लिए "सिफर की सामग्री का दुरुपयोग" करने का आरोप है। उनकी सरकार को अमेरिका द्वारा रची गई एक विदेशी साजिश के कारण हटा दिया गया था। हालांकि, वाशिंगटन द्वारा इस आरोप का खंडन किया गया। खान को 5 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। एफआईए ने 30 सितंबर को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत दोनों के खिलाफ अपना आरोप पत्र दायर किया था।

आरोप पत्र के अनुसार, खान ने अवैध रूप से एक राजनयिक सिफर को अपने कब्जे में रखकर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन किया था। उस समय कुरैशी पर खान को विदेश मंत्री के रूप में सुविधा देने का आरोप लगाया गया था।

## युद्ध विराम को लेकर अमेरिका और इजरायल में ठनी, व्हाइट हाउस के बयान को नेतन्याहू ने किया खारिज

**वाशिंगटन**

गाजा पट्टी में हमले रोककर अस्थायी युद्धविराम लागू करने को लेकर अमेरिका और इजरायल में तीखे मतभेद उभरकर सामने आ गए हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने कहा कि प्रतिदिन चार घंटे के लिए हमले रोकने पर सहमति बन गई है और इजरायली सेना इसे लागू करेगी। इस दौरान मानवीय सहायता का वितरण हो सकेगा और लोग सुरक्षित तरीके से मनचाहे स्थानों पर जा सकेंगे। इस बाबत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन वार्ता में सहमति बन गई है।



**इजरायली पीएम कार्यालय ने सहमति से किया इनकार**

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय की घोषणा के कुछ ही देर बाद इजरायली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने ऐसी किसी सहमति से इनकार कर दिया। कहा, सभी बंधकों की वापसी होने तक गाजा में लड़ाई जारी रहेगी, वहां कोई युद्धविराम लागू नहीं होगा।

**प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय ने क्या कहा?**

प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि आमजनों के उत्तरी गाजा से दक्षिणी हिस्से में जाने के लिए सोमवार से चार घंटे का समय निर्धारित था। बुधवार को करीब 50 हजार लोग सुरक्षित कारिडोर से दक्षिणी भाग में गए। लोगों की बड़ी संख्या देखते हुए गुरुवार को निकासी का समय छह घंटे कर दिया गया। लेकिन गाजा सिटी और गाजा पट्टी के अन्य हिस्सों में लड़ाई जारी रही

इससे पहले व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जान किर्बी ने कहा कि हमले रोककर लोगों को निकालने की व्यवस्था सोमवार से लागू है और इसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

**संघर्ष में अब तक करीब 12 हजार लोगों की मौत**

इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद गाजा में एक महीने से अधिक समय से लड़ाई जारी है, इसमें लगभग 1400 से अधिक लोग मारे गए। इनमें अधिकतर आम जन थे। वहीं 239 को बंधक बना लिए गए। वहीं, हमास द्वारा संचालित फलस्तीनी क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा में हमास को नष्ट करने के लिए इजरायल के जवाबी सैन्य अभियान में 10,569 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर नागरिक भी शामिल हैं।

## पाकिस्तान की अंतरिम सरकार, आईएमएफ समीक्षा वार्ता में बैकअप को लेकर बनी आम सहमती

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार और आईएमएफ इस बात पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं कि अगर राजकोषीय और मौद्रिक उद्देश्यों से महत्वपूर्ण विचलन से नकदी संकट से जूझ रहे देश को 3 अरब अमेरिकी डॉलर के मौजूदा राहत पैकेज के व्यापक लक्ष्य को खतरा होता है, तो साल के अंत तक बैकअप उपाय सक्रिय किए जाएंगे। जानकार सूत्रों ने डॉन अखबार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तानी अधिकारियों का एक दौरा शुक्रवार को तकनीकी स्तर की चर्चा का समापन करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें नवीनतम डेटा का आदान-प्रदान शामिल होगा, जो केवल सितंबर के अंत के तिमाही प्रदर्शन तक सीमित नहीं होगा, बल्कि सभी व्यापक आर्थिक क्षेत्रों और उनके दूरदेशी परिणामों पर प्रश्न और स्पष्टीकरण भी शामिल होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, औपचारिक नीति-स्तरीय वार्ता सोमवार को शुरू होने की उम्मीद है, दोनों पक्ष भविष्य की कार्रवाई पर सहमत हैं, जिसमें खुदरा क्षेत्र पर कराधान के दायरे का विस्तार करना और मामले में किसी भी कमी का रियल एस्टेट-आधारित राजस्व संग्रह के लक्ष्य में सुधार करना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि राजकोषीय और मौद्रिक उद्देश्यों से महत्वपूर्ण विचलन ऋण कार्यक्रम को खतरे में डालते हैं तो वे वर्ष के अंत तक सक्रिय करने के लिए बैकअप उपायों पर सहमत हुए। 1 जनवरी से प्रभावी अध्यादेश के माध्यम से, मामूली राजस्व अंतर के मामले में खुदरा विक्रेताओं के लिए एक निश्चित कराधान योजना हाथ में पहला शॉट हो सकती है, जिसका पालन रियल एस्टेट द्वारा किया जाएगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजरायल ने किए अस्पतालों पर किए हमले, अमेरिका बोला- इजरायल हमले रोकने के लिए तैयार है...

**गाजा/वाशिंगटन**

इजरायल और हमास के बीच लगातार युद्ध बढ़ता जा रहा है। बीते कई दिनों से दोनों के बीच भीषण युद्ध जारी है और इस युद्ध के दौरान अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, गाजा के अधिकारियों ने कहा कि इजराइल ने शुक्रवार को कम से कम तीन अस्पतालों पर या उसके आस-पास हवाई हमले किए, जिससे फिलिस्तीनी एन्क्लेव की अनिश्चित स्वास्थ्य प्रणाली पर और दबाव पड़ा क्योंकि यह हमास आतंकवादियों के खिलाफ इजराइल के युद्ध में घायल या विस्थापित हुए हजारों लोगों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा ने अल जजीरा टेलीविजन को बताया, इजरायली कब्जे ने पिछले घंटों के दौरान कई अस्पतालों पर एक साथ कई हमले किए। चिकित्सा सुविधाओं में गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल, अल शिफा शामिल है, जहां इजरायल ने कहा कि हमास के पास छिपे हुए



कमांड सेंटर और सुरंगें हैं, हमास इन आरोपों से इनकार करता है।

किद्रा ने कहा कि इजरायल ने गाजा सिटी मेडिकल कॉम्प्लेक्स के प्रांगण को निशाना बनाया और हताहत हुए, लेकिन उन्होंने विवरण नहीं दिया। इजरायल की सेना ने किद्रा के बयान पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की, जिसे रॉयटर्स स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं कर सका। गाजा के अस्पतालों को इजरायल के महीने भर पुराने सैन्य अभियान के पीड़ितों की देखभाल करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को खत्म करना है, क्योंकि चिकित्सा आपूर्ति, साफ पानी और बिजली जनरेटर के लिए ईंधन खत्म हो गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा के 35 अस्पतालों में से 18 और 40 अन्य स्वास्थ्य केंद्र या तो बमबारी से हुई क्षति या ईंधन की कमी के कारण सेवा से बाहर हैं।

फलस्तीनी मीडिया ने शुक्रवार को अल शिफा का वीडियो फुटेज प्रकाशित किया, जिसे रॉयटर्स तुरंत प्रमाणित करने में सक्षम नहीं था, उसने कहा कि यह एक पार्किंग स्थल पर इजरायली हमले के बाद का दृश्य दिखाता है जहाँ विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय दिया गया था और पत्रकार देख रहे थे।

ह्यूमन राइट्स वॉच ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, आस-पास (अल शिफा) चल रहे हमलों और लड़ाई के साथ, हम वहां हजारों नागरिकों की भलाई के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं, उनमें से कई बच्चे हैं, जो चिकित्सा देखभाल और आश्रय की तलाश में हैं। किद्रा ने कहा कि अल-रंतीसी बाल चिकित्सा अस्पताल और अल-नस्त्र चिल्ड्रन हॉस्पिटल शुक्रवार को "सीधे हमलों और बमबारी की एक श्रृंखला देख रहे हैं"। उन्होंने कहा कि अल-रंतीसी में अस्पताल के मैदान पर हुए हमलों में वाहनों में आग लगा दी गई लेकिन उन्हें आंशिक रूप से बुझा दिया गया।

**इजरायल विराम के लिए सहमत है- अमेरिका**

इजरायल ने 7 अक्टूबर को गाजा से दक्षिणी इजरायल पर सीमा पार हमास के हमले के जवाब में अपना हमला किया, जिसमें इजरायल का कहना है कि 1,400 लोग, ज्यादातर नागरिक मारे गए और लगभग 240 को बंधक बना लिया गया। इसरायल का कहना है कि गाजा में उसके 35 सैनिक मारे गए हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार तक हवाई और तोपखाने हमलों में 10,812 गाजा निवासी मारे गए, जिनमें से लगभग 40% बच्चे थे। क्योंकि भोजन और पानी जैसी बुनियादी आपूर्ति खत्म हो गई है और गोलाबारी के कारण नागरिक अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं। उसके पास सबूत हैं कि हमास गाजा के तहत एक व्यापक सुरंग नेटवर्क में कमांड पोस्ट और प्रवेश बिंदुओं को छिपाने के लिए अल शिफा और इंडोनेशियाई अस्पताल जैसे अन्य अस्पतालों का उपयोग करता है। शरणार्थी शिविरों, एक चिकित्सा काफिले और अस्पतालों के पास घातक हवाई हमलों ने पहले ही इजरायल के कुछ पश्चिमी सहयोगियों के बीच अपनी सेना के अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन को लेकर बहस को तेज कर दिया है।

## गाजा-इजरायल युद्ध में रोजाना मर रहे एक से अधिक पत्रकार



**क्वींसलैंड**

**गाजा-इजरायल** युद्ध में रोजाना एक से अधिक पत्रकार मारे जा रहे हैं। पत्रकारों की सुरक्षा करने वाली समिति के अनुसार, गाजा-इजरायल युद्ध मीडिया कर्मियों के लिए सबसे घातक संघर्ष रहा है। समिति ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से एक महीने में कम से कम 39 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं।वहीं, 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने संख्या को थोड़ा अधिक 41 बताया है। लेकिन मृत्यु दर फिर भी प्रति दिन एक से अधिक है। संभावना है कि जब तक आप इस खबर को पढ़ेंगे तब तक और अधिक पत्रकार मारे जा चुके होंगे। गाजा पर इजरायल के हमलों में मारे गए पीड़ितों में ज्यादातर फलिस्तीनी पत्रकार और मीडियाकर्मी हैं, लेकिन उनमें चार इजरायली पत्रकार भी शामिल हैं, जिनकी हमास ने 7 अक्टूबर को अपने शुरूआती सीमा पार हमले में हत्या कर दी थी। 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल हमले में एक बेरूत-आधारित वीडियो जर्नलिस्ट दक्षिण लेबनान में मारा गया था। इस हमले में छह अन्य पत्रकार भी घायल हो गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि गोलाबारी इजरायल की दिशा से आई और स्पष्ट रूप से चिह्नित वाहनों और बॉडी आर्मर में पत्रकारों के एक समूह को निशाना बनाया। एक पल के लिए रुककर यह याद रखना जरूरी है कि ये सिर्फ आंकड़ें नहीं हैं। प्रत्येक पीड़ित का एक नाम, रिश्तेदार, प्रियजन और एक अपनी कहानी है। समिति के पास उन सभी पत्रकारों की एक गंभीर सूची है, जो गाजा-इजरायल युद्ध में मारे गए हैं। हालांकि, कुछ आंकड़ें ऐसे भी हैं जिसके बारे में समिति के पूर्ण जानकारी नहीं हैं। या तो वह पत्रकार युद्ध में घायल हुए हैं या लापता हैं। मृतकों में अंतरराष्ट्रीय समाचार सेवाओं के लिए काम करने वाले फलिस्तीनी स्वतंत्र पत्रकार और अन्य लोग शामिल हैं, जो स्थानीय समाचार आउटलेट्स के लिए काम करते हैं। इनमें कुछ ऐसे पत्रकार भी शामिल हैं, जो अपने घरों पर हवाई हमलों में अपने बच्चों और परिवारों के साथ मारे गए हैं। इजरायली रक्षा बलों का कहना है कि वे पत्रकारों को निशाना नहीं बनाते हैं, लेकिन 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' का कहना है कि समाचार को स्पष्ट रूप से कवर करते समय कम से कम दस लोग मारे गए हैं।

# भारत को सुरक्षित देशों की सूची में शामिल करेगा ब्रिटेन, अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले नागरिकों पर पड़ेगा असर

**लंदन**

यूके सरकार ने घोषणा की है कि वह भारत को सुरक्षित राज्यों की सूची में जोड़ेगी। इसके बाद भारत से अवैध रूप से यात्रा करने वाले लोगों की वापसी की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। साथ ही, अवैध रूप से अन्य मार्गों से आने वाले भारतीय नागरिकों के सभी शरण दावों को अस्वीकार्य माना जाएगा। कोई अपील नहीं होगी और उन्हें वापस भेज दिया जाएगा।

**भारत और जॉर्जिया होंगे शामिल**

यूके होम ऑफिस ने एक बयान में कहा कि सरकार भारत और जॉर्जिया को सुरक्षित राज्यों की सूची में जोड़ेगी। इसमें कहा गया है कि यह निर्णय 'अवैध प्रवासन अधिनियम 2023' और नौकाओं को रोकने की योजना के कार्यान्वयन में एक और कदम होगा। यूके गृह कार्यालय ने बयान में कहा, "आज (बुधवार 8 नवंबर) संसद में पेश किया गया मसौदा कानून आव्रजन प्रणाली को मजबूत करेगा और दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगा, जिसमें निराधार सुरक्षा दावे करने वाले लोग भी शामिल हैं।"

**यूके में शरण नहीं ले सकेंगे अवैध प्रवेश वाले नागरिक**

यूके गृह कार्यालय के बयान के मुताबिक, लोगों पर उत्पीड़न का जोखिम नहीं होने के बावजूद पिछले साल भारतीय और जॉर्जियाई छोटी नावों की आवाजाही में वृद्धि देखी गई है। इसमें आगे कहा गया, "इन देशों को सुरक्षित मानने का मतलब यह होगा कि यदि कोई व्यक्ति इनमें से किसी एक से अवैध रूप से आता है, तो हम यूके शरण प्रणाली में उनके दावे को स्वीकार नहीं करेंगे।"

**पहले से कई देश शामिल**

यूके गृह कार्यालय ने कहा कि यूके द्वारा सुरक्षित समझे जाने वाले अन्य देशों में अल्बानिया और स्विट्ज़रलैंड, यूरोपीय संघ और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र के राज्य शामिल हैं। ब्रिटेन की गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन ने कहा कि उन्हें लोगों को मौलिक रूप से सुरक्षित देशों से ब्रिटेन की खतरनाक और अवैध यात्रा करने से रोकना चाहिए।



**अवैध रूप से आने वालों के लिए संदेश**

बयान में, ब्रेवरमैन ने कहा, "हमें मौलिक रूप से सुरक्षित देशों से ब्रिटेन की खतरनाक और अवैध यात्रा करने वाले लोगों को रोकना चाहिए। इस सूची का विस्तार करने से हम उन लोगों को और अधिक तेजी से हटा सकेंगे, जिनके पास यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है और यह एक स्पष्ट संदेश भेजता है कि यदि आप अवैध रूप से यहां आओगे, तो यहां नहीं रह सकते हैं।"

**कई मापदंडों के तहत शामिल होते हैं देश**

यूके गृह कार्यालय के मुताबिक, यदि यूके के गृह सचिव संतुष्ट होते हैं कि किसी देश से उसके नागरिकों के उत्पीड़न का कोई खतरा नहीं है और उस देश के नागरिकों को हटाना मानवाधिकार कन्वेंशन के तहत यूके के दायित्वों के खिलाफ नहीं जा सकता है, तो ऐसे में किसी भी देश को सुरक्षित राज्यों की सूची में शामिल किया जा सकता है। यूके गृह कार्यालय ने कहा है कि धारा 80अअ के तहत, राष्ट्रों का पदनाम सकारात्मक प्रक्रिया के मसौदे के अधीन है। इसका मतलब यह है कि उपाय लागू होने से पहले संसद के दोनों सदनों में बहस के माध्यम से सामान्य तरीके से जांच की जाएगी।